# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026


# पिछली सरकार ने जनता को धोखा दिया था, हमने जो कहा करके दिखाया है: साव

## हरिभूमि-आईएनएच जिला संवाद कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम मंगलवार को कांकेर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव से छत्तीसगढ़ के विकास, भविष्य की योजनाओं पर संवाद किया। श्री साय ने कहा कि भाजपा सरकार के दो साल संकल्प और वादों को पूरा करने के रहे। हमने जो वादे सरकार से किए, उनको पूरा किया। प्रस्तुत है, इस संवाद कार्यक्रम के कुछ अंशः-

खास खबर

*डॉ. हिमांशु- छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार को दो साल पूरे हो गए। कैसे रहे यह दो साल?*

**अरुण साव-** कांकेर जिला हमेशा से जागरूक और सक्रिय जिला रहा है। ऐसे कांकेर में आप आए हैं जिला संवाद करने, आपकी पूरी टीम का बहुत अभिनंदन। यह दो साल निश्चित रूप से उपलब्धियों भरा रहा है। मन को सुकून देने वाला रहा है। जिन संकल्पों को लेकर जनता के बीच गए थे, जो संकल्प और वादे जनता से किए थे। उन वादों को पूरा करने का यह दो वर्ष रहे हैं। चाहे 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देने का काम हो, 70 लाख माताओं और बहनों को महतारी वंदन देने का मामला हो, किसानों से जो वादा किया दो साल का पुराना बोनस देंगे, वो दिया भी, और केवल 12 दिन में दिया। विकास जो अवरुद्ध हो गया था, उस विकास को फिर से आगे बढ़ाने का काम किया है। यह दो साल उपलब्धियों भरा रहा है, ऐतिहासिक रहा है।




*डॉ. हिमांशु- आप अन्यथा न लें, जब संघर्ष की परिस्थितियां थी तो कमान आपने थाम रखी थी, उस समय जनता को बताते थे कि आपके साथ गलत हो रहा है, इस सरकार को बदल दो, ठीक कर देंगे। लोगों ने बदल तो दिया, पर आपको कप्तान की जगह पर उप कप्तान बना दिया। मन में कभी कोई निराशा, कोई खिन्नता तो नहीं आती?*

**अरुण साव-** मैंने बूथ के अध्यक्ष से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। एक छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी ने न केवल सांसद बनाया, प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी, अब उप मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी दी है। एक छोटे से कार्यकर्ता के लिए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है कि आज वो राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में जनता की सेवा कर कर रहा है। जहां तक संकल्प और वादे मैंने आपको गिनाए, हमने लडाई लड़ी, जो प्रधानमंत्री आवास से वंचित हुए हैं, उनके चेहरे पर मुस्कुराहट लाएंगे। हमने जो कहा, वह कर दिखाया है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का काम किया है। हमने माताओं और बहनों के साथ न्याय करने की बात कही थी। आज एक साल की सरकार में 24 किस्तें माताओं और बहनों के खाते में भेजा। यह हमारे लिए सुकून की बात है। हमने किसानों से जो वादे किए थे कि दो साल का पुराना बोनस देंगे, कांग्रेस पार्टी ने भी किया था, पांच साल नहीं दिया। हमने केवल 12 दिन में वो वादा पूरा किया। किसानों के साथ न्याय करने की बात हो, युवाओं के साथ न्याय करने की बात हो। हमने कहा था, कि पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच करवाएंगे, पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच हुई और दोषी लोग आज जेल में है। हमने जो कहा, वह कर के दिखाया। ▶▶|शेष पेज 7 पर


आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹114621/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹139990/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹152813/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels Pandri, Raipur


## सरकार का पहला बयान, गोयल बोले- राष्ट्रीय हितों का रखा गया ध्यान

# अमेरिकी ट्रेड डील पर देश को गर्व, पीएम का सम्मान, निवेशकों की झोली में 12 लाख करोड़

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब सरकार ने दिया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा जिससे व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका से हुई इस डील के बाद संसद परिसर में आयोजित एनडीए संसदीय दल की बैठक में एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया। सभी सांसदों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस डील के बाद शेयर बाजार में भी जबर्दस्त उछाल आया जिससे निवेशकों को 12.10 लाख करोड़ का लाभ हुआ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगा और इससे व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे तथा परस्पर विकास को बढ़ावा मिलेगा। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि यह समझौता हमारे युवाओं और उद्यमियों के लिए अपार अवसरों के मार्ग खोलेगा। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इससे अमेरिका को होने वाले भारतीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

### राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं किया गया : पीयूष गोयल

अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्यूफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे।

### सेंसेक्स में 2073 अंक का आया उछाल



### पार्टनरशिप ऊंचाइयों तक ले जाने उत्सुक हूं : मोदी



वहीं पीएम मोदी ने लिखा- जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एकसाथ मिलकर काम करते हैं, तो इससे हमारे लोगों को लाभ होता है और आपसी सहयोग के नए और बड़े मौके खुलते हैं। मैं ट्रंप के साथ मिलकर काम करने और हमारी पार्टनरशिप को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उत्सुक हूं।

### निवेशकों की झोली में आए 12.10 लाख करोड़

घरेलू शेयर बाजार की बड़ी छलांग से निवेशकों की पूंजी एक ही कारोबारी सत्र में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स समझौते की घोषणा के बाद 4,205.27 अंक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया था। अंत में यह 2,072.67 अंक की बढ़त के साथ 83,739.13 अंक पर बंद हुआ।

### इन कंपनियों के शेयर में आया उछाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अदानी पोर्ट्स के शेयरों में 9.12 प्रतिशत की तेजी आई। अन्य प्रमुख विजेताओं में बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन, पावर ग्रिड, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल थे। टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ही इस मामले में पिछड़ गए।

### राहुल बोले- मोदी ने देश बेचा, वो कॉम्प्रोमाइज्ड हैं



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी ट्रेड डील में देश बेच दिया है। आपकी मेहनत को खून-पसीने को बेच दिया है, क्योंकि वे कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल ने कहा- नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति ने जाजपुर मंदिर में 'पिंड दान' अनुष्ठान किया

**भुवनेश्वर/जाजपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 'पिंड दान' अनुष्ठान करने के लिए मंगलवार सुबह ओडिशा के जाजपुर जिले में बिरजा मंदिर पहुंचीं। मुर्मू ने अपने पूर्वजों की आत्माओं की शांति के लिए मंदिर परिसर में स्थित पवित्र तालाब 'नवी गया' में 'पिंड दान' किया। 'पिंड दान' अनुष्ठान शुरू करने से पहले मुर्मू ने 13वीं शताब्दी के देवी बिरजा मंदिर की पूजा अर्चना की।



### मणिपुर में बम-बारूद सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के दो जिलों में अलग-अलग घटनाओं में सुरक्षा बलों ने हथियार और विस्फोटक बरामद कर दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। हथियार और विस्फोटक के ये जखीरे तेंगनोपाल जिले के बोंगमोल तथा एसएल ज़ौगम गांवों के पास पाए गए। पुलिस ने बताया कि एक मैगजीन सहित एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल, दो सिंगल-बैरल राइफल, 11 कारतूस, तीन रेडियो सेट और आईईडी के तार बरामद किए गए।

### महिसागर में नौका पलटी लोगों ने 10 को बचाया

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी में एक छोटी नौका मंगलवार को पलट गई। नौका में सवार सभी 10 यात्रियों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। महिसागर नदी वडोदरा के पादरा तालुका में मुजपुर गांव और दूसरी ओर खेड़ा जिले के गम्भीरा के बीच बहती है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 10 यात्री मुजपुर की तरफ से एक छोटी नौका में सवार होकर गम्भीरा जा रहे थे।

### बलौदाबाजार कांड के आरोपी पर दंगा फैलाने का जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बलौदाबाजार अग्निकांड के आरोपी पर दंगा भड़काने की साजिश के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिम्स के डा. संजय बंजारे ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि आरोपी जितेन्द्र बंजारा द्वारा समाज में विद्वेष व वर्ग संघर्ष को भड़काने के लिए फेसबुक में वीडियो डालकर वायरल किया जा रहा है। उसमें अनेक राजनीतिक दलों, राजनेताओं और सामाजिक संगठनों के विरूद्ध अनर्गल आरोप तथा आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है।

### छत्तीसगढ़ से बाहर रहने की शर्त पर मिली जमानत

# पूर्व मंत्री कवासी को जमानत पर छग में नहीं रह सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में जेल में बंद प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध शाखा से संबंधित मामलों में कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका को कड़ी शर्तों पर मंजूरी दी है। हालांकि जमानत के दौरान कवासी लखमा को जांच पूरी होने तक छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा, साथ ही उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करने के साथ प्रदेश के बाहर कौन से राज्य, शहर और स्थान पर रहेंगे, इसकी पूरी जानकारी मोबाइल नंबर के साथ थाने में देनी होगी।

**लगभग सालभर से जेल में बंद:** शराब घोटाला मामले की जांच करते हुए ईडी ने जनवरी 2025 में कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। सात दिन तक रिमांड पर पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेजा गया था। इसके बाद से वे रायपुर सेंट्रल जेल में ही बंद थे। इस मामले में लखमा के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। इस अर्जी पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई की। लखमा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, सिद्धार्थ दवे और हर्षवर्धन परघनिया ने पैरवी की। दो घंटे से अधिक समय तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने लखमा की जमानत अर्जी को मंजूरी दे दी।



### *शर्तों पर दी गई जमानत*

*बताया जा रहा है कि लखमा को जमानत कुछ शर्तों पर दी गई है। इसके तहत लखमा को जमानत के दौरान छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा, लेकिन वे कहां रहेंगे, उनके ठिकाने की जानकारी संबंधित थाना में मोबाइल नंबर और पासपोर्ट के साथ जमा करना होगा। शर्त में यह भी शामिल है कि राज्य में वे तभी प्रवेश कर सकेंगे, जब उनकी पेशी की तारीख होगी।*

### *इलाज में लापरवाही का लगाया था आरोप*

*रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कवासी लखमा ने करीब दो माह पूर्व पेशी में शामिल होने के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए आरोप लगाया था कि उसका स्वास्थ्य खराब है, लेकिन जेल में उनका सही इलाज नहीं किया जा रहा है।*

### शराब घोटाला में लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलने का आरोप

ईडी ने अपनी जांच में लखमा पर कई आरोप लगाए हैं। राज्य में शराब घोटाले से सरकारी खजाने को 2100 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। शराब घोटाले की अवैध कमाई में लखमा के साथ कई सिंडिकेट में शामिल नेता, कारोबारी और आबकारी विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं। इस अवैध कमाई से लखमा को हर महीने 2 करोड़ रुपए कमीशन भी मिलता था।

### अंतरिक्ष से भारत को पहली बार देखा, यही यादगार पल



**रायपुर।** भारतीय वायु सेवा के ग्रुप कैप्टन और अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी नवा रायपुर में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने शुभांशु से अंतरिक्ष यात्रा को लेकर रोचक सवाल पूछे। एक छात्र ने पूछा कि आपके जीवन और अंतरिक्ष में सबसे यादगार पल कौन सा है? जिसका जवाब देते हुए शुभांशु ने कहा कि जब अंतरिक्ष से भारत को पहली बार देखा था। इस दौरान शुभांशु ने अंतरिक्ष यात्रा से जुड़े अनुभव को भी साझा कर बच्चों का ज्ञान बढ़ाया।

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलटी कार व्यापारी की मौत, पत्नी व बच्चे घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डौण्डीलोहारा थानातंर्गत ग्राम संबलपुर नर्सरी के पास सड़क पर अचानक आए कुत्ते को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार पलट गई। पलटने से कार चला रहे व्यापारी की मौत हो गई। हादसे में टीचर पत्नी और 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार भूपेंद्र गुप्ता (42 वर्ष) देवरी पासौद में किराना दुकान चलाते थे। उनकी पत्नी मुक्ता गुप्ता (37 वर्ष) राघोनावागांव स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। पति- पत्नी अपने दो बच्चों के साथ 2 फरवरी को दो बच्चों के साथ बालोद में एक परिजन के घर मिलने आए थे। 3 फरवरी को सुबह कार से ▶▶|शेष पेज 7 पर

### शीशा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया

मौके पर पहुंचे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने कार का शीशा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला और फौरन पास में अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों का घायलों का इलाज जारी है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सोशल साइट्स का असर, कम उम्र में भी लग्जरी कार खरीद रहे युवा

रायपुर पहुंचे मर्सिडिज के सेल्स एंड मार्केटिंग वाइस प्रेसिडेंट ब्रेंडन सिसिंग से हरिभूमि की खास बातचीत

# चीन में चल रही ड्राइवरलेस कार की टेस्टिंग, उड़न छू नहीं उड़ने वाली कारों का सपना, भविष्य में संभव

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

मर्सिडिज ने ड्राइवरलेस कार इजाद की है। हम इसकी टेस्टिंग चीन में ऑन रोड कर रहे हैं। यदि यह प्रयोग सफल हो जाता है तो चीन में ड्राइवरलेस कारें दौड़ती हुई मिलेंगी। वहां इसके लिए रेगुलेशन हैं। यदि भारत में नियम सपोर्ट करे तो हम यहां भी चालकरहित वाहन की टेस्टिंग करेंगे। यह कहना है मर्सिडिज के सेल्स एंड मार्केटिंग डिपार्टमेंट के वाइस प्रेसिडेंट ब्रेंडन सिसिंग का। वे रायपुर में कंपनी संबंधित एक कार्यक्रम का हिस्सा बनने पहुंचे थे। उन्होंने मर्सिडिज के नए मॉडल सहित लग्जरी कारों के भविष्य पर हरिभूमि से विशेष चर्चा की। भविष्य की कारों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, दुनिया तेजी से बदल रही है। ये हो सकता है कि भविष्य में उड़ने वाली कार आए। फंतासी फिल्मों की तरह कारें हकीकत में बदल जाए, इसकी संभावना से इनकार नहीं कर सकते हैं। ड्राइवलेस कारों की कभी कल्पना की जाती थी, अब ये आ गई हैं।

खास खबर



### लग्जरी गाड़ियां फायनेंस में

सिसिंग का मानना है कि इंस्टाग्राम रिल्स, सोशल साइट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के कारण लग्जरी कारों का मार्केट बदला है। एक समय था, जब लोग बचत करके परिपक्व होने पर लग्जरी कारें खरीदा करते थे। अब ऐसा नहीं है। सोशल साइट्स और खासकर रिल्स में बेहतर दिखने की चाह में कम उम्र में ही लोग कार खरीदने लगे हैं। भले ही इसके लिए उन्हें फाइनेंस का सहारा क्यों ना लेना पड़े। यही वजह है कि मर्सिडिज जैसी बड़ी कंपनियां भी आसानी से फायनेंस उपलब्ध कराती हैं। जिन गाड़ियों की हाल-फिलहाल में बिक्री हुई है, उनमें से 80 प्रतिशत गाड़ियां फायनेंस वाली ही हैं। इंस्टाग्राम रिल्स, सोशल साइट्स के बढ़ते प्रभाव के कारण हम सभी प्लेटफॉर्म पर अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं।

### भारत में ग्राहकों से जुड़ना अधिक महत्वपूर्ण

साउथ अफ्रीका में जन्मे और मलेशिया, जर्मनी सहित कई देशों में अपनी सेवाएं दे चुके सिसिंग अन्य देशों की तुलना में भारत में मार्केटिंग स्ट्रेटजी में अंतर पाते हैं। उनका कहना है कि भारत में मार्केटिंग के अन्य पहलुओं पर ध्यान देने के साथ-साथ ग्राहकों से जुड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए अनुशासन जरूरी है। भारतीय बाजारों में रचनात्मकता दिखाते हुए बेंच मार्क सेट करना अधिक महत्वपूर्ण है।

# संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल

## विश्व कैंसर दिवस पर कृपया निम्नलिखित सावधानियों पर ध्यान दें:

- सभी प्रकार के तंबाकू, शराब सेवन से दूर रहें
- फल और सब्ज़ियों से भरपूर संतुलित आहार लें
- स्वस्थ वजन बनाए रखें और नियमित शारीरिक गतिविधि करें
- डॉक्टर की सलाह अनुसार नियमित कैंसर जाँच कराएँ
- तेज धूप से स्वयं को सुरक्षित रखें
- HPV एवं हेपेटाइटिस-B का टीकाकरण कराएँ





UNIT I RAIPUR

UNIT II RAIPUR

UNIT III RAIPUR

WITH SHRIRAM CARE HOSPITAL BILASPUR

WITH KALE HOSPITAL JAGDALPUR

DR. PARIDA & VASUNDHARA BUILDERS AMBIKAPUR

**अब रायपुर में पहली बार टेली रोबोटिक सर्जरी**

मुंबई, दिल्ली, चेन्नई और बेंगलुरु के बड़े डॉक्टर अब दूर बैठकर संजीवनी रायपुर के मरीज़ों का ऑपरेशन करेंगे अत्याधुनिक टेली रोबोटिक मशीन से।





3डी-4के लैप्रोस्कोपी

रेडियोथेरेपी

PET स्कैन

स्पेक्ट गामा स्कैन

न्यूरो नेविगेशन

आईएचसी एवं फ्रोजन

### Department of Surgical Oncology

- **Dr. Yousuf Memon** – Director & Sr. Cancer Surgeon
- **Dr. Arpan Chaturmohta** – HOD, Director, Sr. Cancer Surgeon
- **Dr. Mou Roy** – Clinical Director, Sr. Cancer Surgeon
- **Dr. Vivek Patel** – Sr. Cancer Surgeon
- **Dr. Kalyan Pandey** – Sr. Cancer Surgeon
- **Dr. Vikash Agrawal** – Senior Cancer Surgeon

### Histopath, Frozen, I.H.C.

- **Dr. Parvati Joshi** – Histopathologist
- **Dr. Amir Hussain** – Pathologist
- **Dr. Annapurna Kumari** – Pathologist

### Medical Oncology

- **Dr. Aniket Thoke** – Chemotherapy Specilaist
- **Dr. Ayush Dubey** – DM, Medical Oncology

### Hematology

- **Dr. Vikas Goyal** – Hematology & Hemato-oncology
- **Dr. Adamya Gupta** – DM, Hematology

### Nuclear Medicine & Radiology

- **Dr. Vilash Meshram** – Nuclear Medicine
- **Dr. Prashant Sahu** – Radiologist
- **Dr. Sonali Thakur** – Nuclear Medicine
- **Dr. Prasann Prasanth** – Nuclear Medicine

### Dept. of Critical Care & Anesthesia

- **Dr. Hiten Mistri** – Anaesthesiologist
- **Dr. Rahul Goyal** – Anaesthesiologist and Intensive Care MD
- **Dr. Vinod Ramavath** – MD Anaesthesiology (AIIMS)
- **Dr. Vipin Chandrakar** – MBBS, DA Anaesthesiologist

### Radiation Oncology

- **Dr. Ramesh Kothari** – Radiation Oncologist
- **Dr. Satish Dewangan** – Radiation Oncologist

### Pain, Palliative Medicine

- **Dr. Avinash Tiwari** – Pain and Palliative Medicine Specialist
- **Dr. Nainesh Sharma** – Physiotherapist Clinical Rehabilitation

### Plastic Surgery

- **Dr. Anirudh Gupta** – Plastic Surgeon


DAVDA COLONY, PACHPEDI NAKA, RAIPUR 7389905010, 04010, +91 7714081010, 4061010

रायपुर
बुधवार 4 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष: 24, अंक: 195
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 30.9
न्यून. 17.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03 एक बार फिर कोर्टरूम में



विचार पेज
4 सदन की मर्यादा बनाम सियासी सनसनी

*सवालों का ब्योरा जारी किया गृह विभाग ने*

# जनगणना में फर्श, दीवार, छत के साथ बताना होगा गंदे पानी की निकासी, पूछे जाएंगे 33 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में अगले साल से जनगणना शुरू होनी है। यह काम कैसे करना है, इसकी जानकारी भारत सरकार के गृहमंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय) ने जुटाने के निर्देश दिए हैं। खास बात ये है कि जनगणना करने वालों को अब जनता यह जानकारी देगी कि उनके घर का फर्श कैसा है, घर की दीवारें और छत किस ▸▸| शेष पेज 7 पर

### घर का मुखिया कौन घर में कितने कमरे हैं

*जनगणना करने वाले अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले सवालों की सूची में और बहुत से बिंदु शामिल हैं। ये भी पूछा जाएगा कि . परिवार* ▸▸| शेष पेज 7 पर



### पानी कहां से लाते हैं, बाथरूम है या नहीं

जनगणना करने वालों के सवालों में ये बात भी शामिल होगी कि घर में पेयजल का मुख्य स्रोत क्या है, इसकी उपलब्धता कैसी है। घर में प्रकाश का मुख्य स्रोत क्या है, शौचालय की सुलभता के बारे में पूछने के साथ ▸▸| शेष पेज 7 पर

### रेडियो, ट्रांजिस्टर है या टीवी इंटरनेट

जनगणना अधिकारी घर-घर जाकर ये जानकारी भी हासिल करने के घर में रेडियो ट्रांजिस्टर चलता है या टेलीविजन है, इंटरनेट सुविधा के साथ लैपटॉप कंप्यूटर है या नहीं। घर में टेलीफोन, मोबाइल फोन स्मार्ट फोन है या नहीं। ये जानकारी भी मांगी जाएगी कि घर में साइकिल स्कूटर,मोटरसाइकिल मोपेड कौन सी ▸▸| शेष पेज 7 पर

### ये होंगे सवाल जिनका देना होगा जवाब

जनगणना अधिकारी जब आपके घर आएंगे तो वे 33 बिंदुओं के आधार पर सवाल करके जवाब मांगेंगे और यही जानकारी जनगणना संबंधी प्रपत्र में शामिल किए जाएंगे। जनगणना की जानकारी में सबसे पहला सवाल भवन नंबर (नगर या स्थानीय प्राधिकरण अथवा जनगणना नंबर), जनगणना मकान नंबर, मकान के फर्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, ▸▸| शेष पेज 7 पर

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राहुल ने की चर्चा की शुरुआत और हो गया हंगामा

# सांसद मेज पर हुए खड़े, पेपर फाड़कर उछाला, नारेबाजी के साथ जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाषण देने से रोकने पर विपक्षी सांसदों ने स्पीकर की कुर्सी पर कागज फाड़कर उड़ाए और हंगामा किया, जिस पर कार्रवाई की गई है। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के 8 सांसदों को लोकसभा की कार्यवाही से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रस्ताव पारित किया था, जिसे पारित कर दिया गया और कार्यवाही बुधवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस घटना के बाद विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

विपक्षी सांसदों के निलंबन के बाद सदन में भारी हंगामा हो गया इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही को बुधवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया। वहीं, विपक्षी सांसदों को निलंबित किए जाने के विरोध में विपक्षी ▸▸| शेष पेज 7 पर



### कांग्रेस सहित विपक्षियों ने किया विरोध प्रदर्शन

इसके बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस सदस्यों ने लोकसभा से पार्टी सदस्यों के सस्पेंशन के खिलाफ संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष को ही बोलने नहीं दिया जाएगा तो बाकी विपक्षी सांसदों को कौन सुनेगा।



### अन्य पार्टियों के सांसदों ने भी नहीं बोला

कार्यवाही के दौरान पीठासीन अधिकारी ने राहुल गांधी को बोलने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद अगले वक्ताओं के नाम पुकारे। इस पर विपक्षी दलों ने विरोध जताया। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी सांसदों ने भी बोलने से इनकार कर दिया। इससे सदन में तनाव और बढ़ गया। विपक्षी सांसदों का कहना था कि सरकार उनकी आवाज को दबा रही है।

### इन सांसदों पर हुई कार्यवाही

लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस सांसद मणिकम टैगौर, अमरिंदर सिंह वारिंग, गुरजीत सिंह औलिया, हेबी एडिन, प्रशांत पटोले, किरन रेड्डी और एस वेंकेटेश को निलंबित किया गया है। आरोप है कि उन्होंने सदन में स्पीकर की कुर्सी के पास आकर हंगामा किया और कागज फाड़कर उनको कुर्सी के पास उड़ा दिए। सांसदों को निलंबित करने के बाद सभा की कार्यवाही को बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# सरकार ने दी बड़ी राहत, 5 और 6 को दो दिन और धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिन 5 एवं 6 फरवरी तक खरीदी की अनुमति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार तीन ▸▸| शेष पेज 7 पर

खास खबर



- जिन किसानों के टोकन कट चुके उनसे 5 और 6 फरवरी को खरीदा जाएगा धान
- समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

### सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। एक भी किसान का धान बिना बिके न रहे, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिरिक्त दिनों में धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से पूरी की जाए।

### जिलों से मिली रिपोर्ट के बाद निर्णय

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी समाप्त होने के बाद कई जिलों में किसानों ने आरोप लगाया कि उनका टोकन कटा होने के बाद भी उनसे धान की खरीदी नहीं की गई। राज्य सरकार ने इसके आधार पर यह निर्देश जारी किया था कि जिला स्तर पर यह पता लगाया जाए कितने ऐसे किसान हैं जो टोकन होने के बाद भी धान नहीं बेच पाए। इसकी रिपोर्ट की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। 28, 29 और 30 जनवरी को जिन किसानों का टोकन कटा था और वे धान नहीं बेच पाए थे उनका ही धान लिया जाएगा।

## आज की चर्चित तस्वीर...



**नई दिल्ली।** यह तस्वीर आज चर्चा में रही इसमें रायपुर लोकसभा के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और दिग्विजय सिंह से संसद भवन के बाहर चर्चा करते हुए।

## निजता के अधिकार से समझौता बर्दाश्त


# सुप्रीम कोर्ट की व्हाट्सऐस-मेटा को फटकार कहा- 'संविधान नहीं मान सकते, तो भारत छोड़ दें'

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर मेटा को सख्त चेतावनी दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तकनीकी कंपनियां भारत में रहकर नागरिकों के निजता अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। अदालत ने यहां तक कह दिया कि अगर कंपनियां संविधान का पालन नहीं कर सकतीं, तो उन्हें देश छोड़ देना चाहिए। अदालत मेटा और व्हाट्सएप की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी है।

### 9 फरवरी को आएगा अंतरिम आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी इस याचिका में एक पक्ष बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कंपनियों को चेतावनी दी है कि या तो वे डेटा शेयर न करने का लिखित आश्वासन दें।



### कोर्ट ने उठाए कई अहम सवाल

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि व्हाट्सएप के बाजार में दबदबे के कारण यूजर्स के पास सीमित विकल्प हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या आम लोग कंपनी की जटिल प्राइवेसी पॉलिसी को समझ सकते हैं।

प्रक्रिया का सही पालन नहीं हुआ

# हाईकोर्ट ने 67 उपअभियंताओं की नियुक्ति की निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने ग्रामीण अभियांत्रिक सेवा में नियुक्त 67 उप अभियंता सिविल की नियुक्ति को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया वैधानिक नियमों के विपरीत की गई थी। याचिकाकर्ता रवि तिवारी ने अधिवक्ता शाल्विक तिवारी के माध्यम से ग्रामीण अभियांत्रिक सेवा वर्ष 2011 की भर्ती ▸▸| शेष पेज 7 पर

### विज्ञापन से अधिक पदों पर नियुक्ति

न्यायालय ने यह भी पाया कि जहाँ केवल 275 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, वहीं उससे अधिक पदों पर नियुक्तियाँ की गईं, जो सेवा कानून के स्थापित सिद्धांतों के विपरीत है। सुनवाई के दौरान यह आग्रह भी ▸▸| शेष पेज 7 पर



## ममता का बड़ा ऐलान, कहा- किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी उनकी पार्टी

# टीएमसी ने कांग्रेस को दिया झटका, अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

## इस साल होने हैं पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने आगामी चुनावों को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। पार्टी नेतृत्व ने ऐलान किया है कि टीएमसी राज्य में किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी और अपने दम पर सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का मानना है कि पार्टी की जमीनी पकड़ और संगठनात्मक मजबूती उसे अकेले चुनाव लड़ने में सक्षम बनाती है। इसी भरोसे के साथ पार्टी ने सहयोगी दलों से दूरी बनाते हुए स्वतंत्र रूप से चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। टीएमसी के इस फैसले को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की लोकप्रियता और पार्टी के मजबूत जनाधार से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी का मानना है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में जनता का समर्थन बरकरार है और उसे किसी बाहरी समर्थन की जरूरत नहीं है।

### राजनीतिक समीकरणों पर पड़ेगा असर

*टीएमसी के अकेले चुनाव लड़ने के फैसले से राज्य के राजनीतिक समीकरणों में बदलाव तय माना जा रहा है। विपक्षी दलों के लिए यह रणनीति नई चुनौती बन सकती है, क्योंकि अब मुकाबला सीधा तृणमूल कांग्रेस से होगा। बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।*

### 2021 में टीएमसी ने जीती थीं 215 सीटें

2021 विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जोरदार प्रदर्शन किया था। चुनाव नतीजों में बीजेपी जहां 77 सीटों पर पहुंच गई थी तो वहीं टीएमसी की सीटों की संख्या बढ़कर 215 हो गई थी। इससे पहले 2016 के चुनावों में टीएमसी ने 211 सीटें जीती थीं। पहले चुनावों में जब टीएमसी ने वामदलों को सत्ता से हटाया था तब ममता बनर्जी की टीएमसी ने 184 सीटें हासिल की थीं। 2021 के चुनावों में ममता बनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसी का वोट शेयर 48 फीसदी के पास चल गया था। बीजेपी को 38.15 फीसदी वोट मिले थे। बीजेपी 2021 में 3 सीटों से सीधे 77 पर पहुंची थी तब राज्य में कमाम दिलीप घोष के पास थी। 2024 लोकसभा चुनावों में भी टीएमसी का प्रदर्शन अच्छ रहा था। अभी बंगाल में एसआईआर पर घमासान मचा हुआ है।

### पिछले चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन

2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने वाम दलों और इंडियन सेक्युलर फ्रंट के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। हालांकि, पार्टी 294 सीटों वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल की राजनीति मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस और भाजपा पर केंद्रित है। 2014 के लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने राज्य में अपना संगठन विस्तार किया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिली। वहीं 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा मुख्य विपक्षी दल के तौर पर उभरा।

## खबर संक्षेप

### 7 महीने बाद जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री मजीठिया

**अमृतसर।** पंजाब के पूर्व मंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल (सैड) के



सीनियर नेता बिक्रम सिंह मजीठिया मंगलवार को पटियाला की नाभा जेल से बाहर आ गए। उन्होंने बाहर आते ही समर्थकों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने मूंछों पर ताव दिया। समर्थकों को संबोधित करते हुए मजीठिया ने कहा- जितना सरकार ने दबाया, उतनी ताकत मिली। दिल्ली हुक्मरानों के साथ ईंट से ईंट टकरानी है। मुझे इस बात की प्रेरणा मिली है। जेल में भी मैं भगवंत मान और केजरीवाल के नाम वाले तकिए गोड्डे थल्ले रखकर सोता था।

### भाजपा फॉर्म-7 के जरिए कर रही धांधली : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में मंगलवार को दावा किया कि भाजपा फॉर्म-7 के



जरिए बड़ी धांधली करने जा रही है। उन्होंने कहा, हमारे पास इसके पूरे सबूत हैं। हमारा कहना है कि हर फॉर्म पर नंबर होने चाहिए। अब तक के सारे जमा फार्म रिस्स्त हों। जो भरे गए हैं कि उनकी पूरी जांच हो। इसको पकड़ने के लिए एआई का सहारा लिया जाए। जो भी दोषी मिले उस पर सख्त कार्रवाई हो चाहिए। मुझे ये जानकारी सबसे सीतापुर से मिले। भाजपा वालों को पहले से ही जानकारी मिल गई कि किस विधानसभा में इनके वोट कटेंगे। तो, इसके लिए इन्होंने नया फंडा अपनाया।

## अमेरिका राष्ट्रपति ने कहा था, भारत बंद करेगा रूसी तेल खरीदना

# ट्रंप के ऐलान पर रूस बोला- नई दिल्ली से नहीं मिला हमें अब तक कोई संकेत

एजेंसी ▶▶| मास्को

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। इस मामले पर अब रूस का बयान भी सामने आ गया है। क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि उसे भारत से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद वह रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापार समझौते के ऐलान के साथ कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टैरिफ में ढील देने के समझौते के तहत रूसी तेल खरीदना बंद करने का वादा किया है। इस पर क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने एएफपी से बातचीत में कहा, 'अभी तक हमें इस मामले पर नई दिल्ली से कोई बयान नहीं मिला है।'

### सिर्फ तेल-गैस तक सीमित नहीं भारत-रूस के रिश्ते

रूस ने यह भी स्पष्ट किया है कि भारत-रूस संबंध केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और रणनीतिक सहयोग दशकों पुराना है। मॉस्को का कहना है कि वह वैश्विक दबावों के बावजूद इस साझेदारी को बनाए रखना चाहता है। भारत ने हाल के वर्षों में रियायती रूसी कच्चे तेल की खरीद में काफी वृद्धि की है, जिससे रूस उसके शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन गया है।




### रूस-भारत की साझेदारी के विकास को भी देते हैं महत्व

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस भारत के साथ संबंधों पर ट्रंप की टिप्पणियों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहा है। पेस्कोव ने पत्रकारों से कहा, 'हम अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय संबंधों का सम्मान करते हैं। लेकिन हम रूस और भारत के बीच एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी के विकास को भी उतना ही महत्व देते हैं।' उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है और हम दिल्ली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने का इरादा रखते हैं।'

### अमेरिका से हुई है ट्रेड डील

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल की खरीदने की वजह से 25 फीसदी टैरिफ लगाया था। यह उस पारस्परिक शुल्क से अलग था, जिसे ट्रंप ने भारत के लिए 25 फीसदी कर दिया था। ट्रंप ने सोमवार को रूसी तेल खरीद बंद करने और व्यापार बाधाओं को कम करने के बदले में भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ को 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया है।

यह कहा विशेषज्ञों ने : भारत सरकार की ओर से अब तक सार्वजनिक रूप से यह पुष्टि नहीं की गई है कि वह रूस से तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर देगी।

*भारत ने की कार्रवाई की मांग*

## ऑस्ट्रेलिया में गांधीजी की कांस्य प्रतिमा काटकर ले गए चोर



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में महात्मा गांधी की 426 किलोग्राम वजनी कांस्य प्रतिमा चोरी हो गई है। यह प्रतिमा ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर के बाहर लगी थी। इस घटना ने भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है

**दोपहर की है घटना :** यह घटना सोमवार को लगभग दोपहर 12:50 बजे हुई। मेलबर्न पुलिस के मुताबिक, तीन अपराधियों ने प्रतिमा को उसके फाउंडेशन से काटने के लिए एंगल ग्राइंडर का इस्तेमाल किया।


**भारत सरकार ने की निंदा :** विदेश मंत्रालय के अधिकारी और आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल नेकहा हम गांधी प्रतिमा के विनाश और चोरी की कड़ी निंदा करते हैं। यह प्रतिमा रोवविले, मेलबर्न के ऑस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर में स्थापित थी।

# युमनाम खेमचंद होंगे मणिपुर के सीएम

## भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के मुख्यमंत्री होंगे। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन समाप्त होने के बाद, भाजपा विधायक दल ने युमनाम खेमचंद सिंह को अपना नेता चुना है। यह



निर्णय जातीय हिंसा के बाद एन बीरेन सिंह के इस्तीफे से उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युमनाम खेमचंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया है और वे मणिपुर के नए मुख्यमंत्री होंगे। मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला है। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की समाप्ति से कुछ दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा विधायकों की बैठक हुई।

### कौन हैं युमनाम खेमचंद?

युमनाम खेमचंद मणिपुर भाजपा के अनुभवी नेताओं में शामिल हैं। 62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में मणिपुर की राजधानी इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक हैं। खेमचंद 2012 से ही इस सीट से जीतते आ रहे हैं। हालांकि, उनकी शुरुआत तृणमूल कांग्रेस से हुई। 2012 में वे इसी पार्टी के टिकट पर पहली बार चुनाव जीते थे। बाद में युमनाम भाजपा में शामिल हो गए और 2017 और 2022 में लगातार इसी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत हासिल की।




## मुंबई एयरपोर्ट की घटना यात्री सुरक्षित

# एयर इंडिया और इंडिगो प्लेन के विंग टकराए, टला हादसा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार की रात दो विमान के विंग आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई है। घटना उस समय हुई जब दोनों विमान में यात्रा सवार थे। हालांकि हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एयर इंडिया की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि तीन फरवरी को मुंबई से



कोयंबटूर जाने वाले फ्लाइट एआई2732 में देरी हुई क्योंकि जिस प्लेन को इस उड़ान के लिए इस्तेमाल किया जाना था, वह टैक्सी-वे पर खड़े दूसरे एयरलाइन के संपर्क में आ गया।

### एयर इंडिया ने जांच के लिए ग्राउंड किया प्लेन

इधर एयर इंडिया ने बताया कि एहतियात बरतते हुए आगे की टेक्निकल जांच के लिए इस प्लेन को ग्राउंड कर दिया गया और सभी यात्रियों को प्लेन से उतार लिया गया है। उधर इंडिगो ने भी इस हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रोटोकॉल के तहत संबंधित अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है और प्लेन के रखरखाव की जांच की जा रही है।

### असम में कांग्रेस की चुनावी कमान गोगोई के हाथ

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** असम में कांग्रेस पार्टी की ओर से सीएम का चेहरा गौरव गोगोई होंगे। अब ये कमोबेश तय हो हो गया। शीर्ष नेतृत्व ने 35 सदस्यीय असम चुनाव अभियान समिति की कमान गौरव गोगोई के हाथों में सौंप दी है। विधानसभा चुनाव की घोषणा अगले महीने कभी भी की जा सकती है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने असम में संगठनात्मक स्तर पर बड़ी पहल की है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश चुनाव समिति (प्रदेश इलेक्शन कमेटी) के गठन को मंजूरी दे दी है।

## भारतीयों के लिए फीस शून्य, विदेशियों को भी दी गई छूट

# पर्वतारोहियों के लिए पहली बार खुलीं 83 हिमालयी चोटियां

एजेंसी ▶▶| देहरादून



उत्तराखंड सरकार ने साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं हिमालय की 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पहली बार सभी पर्वतारोहियों के लिए खोल दिया है। इस फैसले के साथ भारतीय पर्वतारोहियों को इन चोटियों पर चढ़ाई के लिए लगने वाली सभी सरकारी फीस पूरी तरह माफ कर दी गई है, जिससे अब पर्वतारोहण पहले की तुलना में आसान और सस्ता हो गया है। यह निर्णय उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पर्वतारोहण गंतव्य के रूप में स्थापित करने तथा साहसिक पर्यटन को नई गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**साहसिक पर्यटन एवं स्थानीय विकास को बढ़ावा :** इस अवसर पर सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्बयाल ने कहा, 'उत्तराखंड हिमालय केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि साहस, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। यह निर्णय राज्य के साहसिक पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देगा। यह पहल न केवल पर्वतारोहण गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि सीमावर्ती एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करेगी।

### ये हैं प्रमुख चोटियां

इस पहल के अंतर्गत 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक ऊंचाई वाली पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण हेतु अधिसूचित किया गया है। इनमें कामेट, नंदा देवी (पूर्वी), चौखंबा समूह, त्रिशूल समूह, शिवलिंग, सतोपंथ, चंगाबांग, पंचचूली, नीलकंठ सहित अनेक प्रतिष्ठित हिमालयी शिखर सम्मिलित हैं।

### पर्वतारोहियों के लिए प्रमुख प्रावधान

**भारतीय पर्वतारोहियों के लिए :** अधिसूचित 83 पर्वत चोटियों पर पर्वतारोहण हेतु भारतीय पर्वतारोहियों को राज्य सरकार को किसी भी प्रकार का अभियान शुल्क (पीक शुल्क, कैंपिंग शुल्क, पर्यावरण शुल्क आदि) नहीं देना होगा। यह निर्णय देश के युवा पर्वतारोहियों एवं साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

**विदेशी पर्वतारोहियों के लिए:** विदेशी पर्वतारोहियों से पूर्व में वन विभाग द्वारा लिया जाने वाला अभियान शुल्क पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। अब उन्हें केवल भारतीय पर्वतारोहण संस्था, नई दिल्ली (आईएमएफ) द्वारा निर्धारित शुल्क का ही भुगतान करना होगा।




# एक बार फिर कोर्टरूम में

एजेंसी ▶▶ जयपुर



तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई। फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय सितारे

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

## अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।



## चारू सूरी का पहला नामाकंन


*ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।*

## भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

*सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो उनकी पहली नामांकन थी। भारत इस बार पुरस्कार से चूक गया, लेकिन इन कलाकारों की वैश्विक पहचान भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत और क्लासिकल, फ्यूजन और कंटेम्परेरी शैलियों में भारत का योगदान जारी है।*

# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर


**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए



लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।' सोनम कपूर ने पापा के ट्रांसफॉर्मेशन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने हार्ट और फायर इमोजी के जरिए उनके नए लुक की तारीफ की। दर्शन कुमार ने भी अनिल कपूर के नए लुक पर रिएक्शन दिया और लिखा- 'वाह, झक्कास।' अभिनेता सुधांशु पांडे, रितेश देशमुख और अनुपम खेर ने भी सुपरस्टार के झक्कास लुक की तारीफ की और वैभवी मर्चेंट ने भी कमेंट के जरिए बताया कि उन्हें अभिनेता का ये लुक बेहद पसंद आया।

# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की गल' रिलीज

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा नहीं करना चाहिए। गीत के बोल बेहद सरल, मजेदार और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हुए हैं, जिस वजह से ये गाना हर उम्र के लोगों को पसंद आ रहा है। वीडियो में अपारशक्ति और तुलसी की केमेस्ट्री आकर्षक दिखाई गई है। इसमें कुछ शादी के सीन भी दिखाए गए हैं। गाने को साधारण लेकिन बेहद प्यारे अंदाज में पेश किया गया है, जिसमें न तो ज्यादा ड्रामा है और न ही कोई भारी-भरकम सेटिंग।

# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल


हैदराबाद। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ



अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।

# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में



कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...




**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।
टीजर से साफ झलक मिलती है कि कहानी पहले से ज्यादा इंटेंस होगी, जिसमें रिवेंज का तड़का और खूब एक्शन सीक्वेंस होंगे। मेकर्स ने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा है कि यह नया हिंदुस्तान है, जो दुश्मनों को घर में घुसकर भी सबक सिखाएगा। यह टीजर पहले भाग में खत्म हुई कहानी के आगे की झलक दिखाता है।



## चिंतन

# यूएस से ट्रेड डील रोजगार के नए मौके पैदा करेगी

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई ट्रेड डील को मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक निर्णायक और दूरगामी कदम है। पिछले एक वर्ष से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर जो असमंजस और अनिश्चितता बनी हुई थी, उसका सीधा असर भारत के निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन पर पड़ रहा था। उसका असर व्यापारियों और युवाओं के रोजगार अवसरों पर साफ दिखाई दे रहा था। इस समझौते ने उस माहौल को काफी हद तक समाप्त करने का संकेत दिया है और व्यापारियों, उद्योग जगत तथा युवाओं में नई उम्मीद जगाई है। भले ही सौदे की पूरी शर्तें अभी सामने आनी बाकी हों, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संभावनाओं के द्वार खोलती है। इसे मौजूदा वैश्विक आर्थिक हालात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। सबसे अहम बात यह है कि भारत ने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना यह समझौता किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना भारत की मजबूत कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है। यह संकेत देता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अपनी शर्तों पर बातचीत करने वाला देश बन चुका है। इस डील से 'मेड इन इंडिया' नई गति मिलने की उम्मीद है। जब निर्यात बढ़ेगा तो स्वाभाविक रूप से उत्पादन बढ़ेगा और इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ेगा। कपड़ा, चमड़ा, हीरा-जवाहरात, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और इंजीनियरिंग सेक्टर जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। इन सेक्टरों में लाखों लोगों को काम मिलता है और यही कारण है कि इस समझौते को रोजगार सृजन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। साथ ही, लोगों के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जिससे 'ईज ऑफ लिविंग' को भी मजबूती मिलेगी। ट्रेड डील का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र को इससे अलग रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा की है। यह दिखाता है कि सरकार ने वैश्विक दबावों के बावजूद घरेलू प्राथमिकताओं को नजरअंदाज नहीं किया। भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद में कुछ कमी और वैकल्पिक स्रोतों की तलाश यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक संतुलन को साधते हुए आगे बढ़ रहा है। हालांकि वेनेजुएला से तेल खरीदना तकनीकी और आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस डील का असर बाजारों पर भी दिखाई दिया है। रुपये और सेंसेक्स की तेज उछाल इस बात का संकेत है कि निवेशकों ने इस समझौते का स्वागत किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का यह कहना कि इस डील में किसी के हितों से समझौता नहीं किया गया, सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाता है। उनका यह भी कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा की है, इस समझौते के संतुलित स्वरूप को रेखांकित करता है। यह डील भारत के 140 करोड़ नागरिकों, गांवों में रहने वाले गरीबों, किसानों, मछुआरों, युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आ सकती है। कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है। निर्यात बढ़ेगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। यदि इस समझौते का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, तो यह भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

## नीति और सत्ता

अम्बरीष प्रजापति



# न्यायिक दहलीज पर दम तोड़ते कानून

बीते कुछ समय से देश की शासन व्यवस्था में एक अजीबोगरीब दोहराव देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार जब भी कोई महत्वाकांक्षी नियमावली या कानून पेश करती है, तो वह लागू होने से पहले ही उच्चतम न्यायालय के अवरोधों में फंस जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हालिया समानता संबंधी दिशानिर्देशों पर लगी रोक इसी सिलसिले की एक ताजा मिसाल है। चाहे वह सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत 'सत्यता जांच इकाई' का विवाद हो, डेटा सुरक्षा कानून की संवैधानिक चुनौतियां हों या प्रसारण विधेयक पर बढ़ता विरोध-यह सब महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। यहाँ बुनियादी मसला अदालती दखल का नहीं है, बल्कि उस कार्यप्रणाली का है जिसके तहत ये नियम गढ़े जा रहे हैं। जब बारीकी से तैयार किए गए कानून न्यायिक कसौटी पर बार-बार विफल होने लगें, तो यह नीति-निर्धारकों की दूरदर्शिता और उनकी संवैधानिक समझ पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

**सुधार या नियोजित भ्रम की रणनीति?**

यूजीसी के प्रकरण को ही लें। 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन' को जाति, धर्म, लिंग, क्षेत्र ऐसे तमाम आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त कर शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक समरसता, समता भाव स्थापित करने के लिए लाया गया और इसे शिक्षा जगत में सुधार के तौर पर प्रचारित किया गया, लेकिन इसकी अंतर्धारा ने सामाजिक समरसता के बजाय 'जातीय ध्रुवीकरण' को अधिक हवा दी। 'समानता' की शब्दावली का उपयोग करते हुए जिस तरह से पारंपरिक श्रेणियों और पहचानों को पुनर्जीवित किया गया, उसने स्पष्ट कर दिया कि यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है। कई विश्लेषकों का मानना है कि नियमों में जानबूझकर छोड़ी गई अस्पष्टता किसी सुधार का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक बिसात है। आज की राजनीति नब्बे के दशक के सीधे टकराव वाली राजनीति से अलग है। अब जाति को मिटाने का संकल्प कहीं ओझल हो गया है; इसके उलट उसे 'पावर गेम' के एक नए सांचे में ढाला जा रहा है। जाति अब सामाजिक चेतना का विषय न रहकर सत्ता के प्रचार-प्रसार, वोट बैंक साधने का माध्यम बन गया है।

**जवाबदेही से बचता सत्ता का शीर्ष**

विडंबना देखिए कि जब भी कोई कानून अदालत में अटकता है, तो सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग बड़ी चतुराई से आलोचना से बच निकलते हैं। दोष कभी समितियों पर मढ़ा जाता है, कभी मंत्रियों पर, तो कभी विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। यह वही पुराना मॉडल है- 'सफलता का श्रेय ऊपर, विफलता की जिम्मेदारी नीचे'। इस पूरी प्रक्रिया में असली 'निर्णय-केंद्र' हमेशा अदृश्य बना रहता है।

**हिंदुत्व और सामाजिक समरसता का क्षरण**

हिंदुत्व का विचार, जो मूलतः सांस्कृतिक एकात्मता और भेदभाव रहित समाज की बात करता था, इस 'पहचान वाली राजनीति' के कारण हाशिए पर जाता दिख रहा है। जब सामाजिक न्याय को लोक-कल्याण के बजाय मार्केटिंग के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है, तो समाज जुड़ने के बजाय बंट जाता है। यह न तो हिंदुत्व की जीत है और न ही सामाजिक न्याय की; यह केवल सत्ता को स्थिर रखने का एक खेल है।

**सुझाव**: इस संवैधानिक और सामाजिक उलझन से निकलने के लिए सरकार को केवल कागजी बदलाव नहीं, बल्कि बुनियादी सुधारों की आवश्यकता है। एआई आधारित सुरक्षा निगरानी केंद्रः सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में 'एआई सुरक्षा निगरानी केंद्र' स्थापित किए जाएं। ये केंद्र आधुनिक तकनीक के जरिए किसी भी वर्ग, समुदाय के छात्र छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव की शिकायतों का निष्पक्ष विश्लेषण हो सकेगा, जिससे मानवीय पूर्वाग्रह और जातीय द्वेष की गुंजाइश खत्म हो सकेगी और जो वास्तविक दोषी होगा उस पर कारवाई हो सकेगी। सरकार शैक्षणिक संस्थानो में जातिगत भेदभव मुक्त परिसर बनाकर जो समता मूलक भाव पैदा करना चाहती है। इस तरह समता मूलक, समरसता युक्त कैंपस बन सकेंगे।

**निष्कर्ष**: लोकतंत्र केवल बहुमत के आंकड़ों से नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक और सामाजिक संवेदनशीलता से चलता है। जब नीति-निर्माण में बौद्धिक और नैतिक ईमानदारी की कमी होती है, तो कानून अदालतों में अटकते हैं और जनता सड़कों पर उतरती है। भारत एक भावप्रधान राष्ट्र है, जहाँ भावनाओं का दोहन करना आसान है, लेकिन अब समय 'बुद्धि' से सोचने का है। चूंकि आज के दौर में 'कंटेंट' ही किंग है, इसलिए यह जरूरी है कि झूठे नैरेटिव्स के जाल में फंसने के बजाय सच जानने का प्रयास करें। क्योंकि किसी भी भ्रम का अंत केवल तार्किक चर्चा से ही संभव है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सदन की मर्यादा बनाम सियासी सनसनी



संसद

कांतिलाल मांडोत

संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी।

लोकसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं होते, बल्कि राष्ट्रीय भरोसे, संस्थागत मर्यादा और संवैधानिक जिम्मेदारी के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे में अगर इस मंच पर ऐसे संदर्भ लाए जाएं, जिनका न तो आधिकारिक अस्तित्व हो और न ही सार्वजनिक सत्यापन, तो स्वाभाविक है कि सवाल केवल कथन पर नहीं, कथन करने वाले की मंशा पर भी उठते हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब के हवाले से डोकलाम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बयान इसी श्रेणी में आता है, जिसने संसद में हंगामा खड़ा कर दिया और देश के सामने एक गंभीर प्रश्न रख दिया। क्या राजनीतिक लाभ के लिए सदन की नियम-परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों को दांव पर लगाया जा सकता है?

राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान जिस मैगजीन लेख का हवाला दिया, वह स्वयं एक अप्रकाशित मेमॉयर पर आधारित बताया गया। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, वह प्रकाशित ही नहीं हुई है, तो इस तर्क को खारिज करना मुश्किल हो जाता है। संसदीय परंपरा साफ कहती है कि सदन में वही तथ्य उद्धृत किए जा सकते हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, प्रकाशित और सत्यापन योग्य हों। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसी नियम की याद दिलाई। इसके बावजूद, नियमों की अवहेलना कर बार-बार वही संदर्भ दोहराया गया, जिससे बहस का स्तर मुद्दे से हटकर टकराव तक पहुंच गया। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेतृत्व, खासकर राहुल गांधी, ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऐसे बयान दिए हों, जिन्हें बाद में या तो आधा-अधूरा बताया गया या तथ्यहीन। डोकलाम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बोलते समय अतिरिक्त सावधानी अपेक्षित होती है, क्योंकि यहां केवल सरकार की आलोचना नहीं होती, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सेना की रणनीति, क्षमता और निर्णयों पर भी सवाल खड़े होते हैं। स्वयं स्पीकर ने यह टिप्पणी की कि राष्ट्रीय हित के विषय पर सेना की आलोचना उचित नहीं है। यह टिप्पणी किसी दल विशेष के पक्ष में नहीं, बल्कि संस्था की रक्षा में दी गई चेतावनी थी। राहुल गांधी का यह कहना कि "किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया'' भी बिना किसी ठोस प्रमाण के एक गंभीर आरोप है। अगर ऐसा है, तो सवाल उठता है कि कांग्रेस के पास इसके समर्थन में आधिकारिक दस्तावेज, लेखक का सार्वजनिक बयान या प्रकाशक की पुष्टि क्यों नहीं है? संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। कांग्रेस अक्सर यह आरोप लगाती रही है कि सरकार असहज सवालों से डरती है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में डर नहीं, बल्कि प्रक्रिया और नियमों पर जोर दिखा। अगर राहुल गांधी किसी प्रकाशित



लेख या आधिकारिक बयान का हवाला देते, तो सरकार के पास उसका जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। समस्या सवाल में नहीं, सवाल पूछने के तरीके में है। संसद बहस का मंच है, अफवाहों का नहीं। यही कारण है कि गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि "मैगजीन तो कुछ भी लिख सकती है" केवल एक राजनीतिक तंज नहीं, बल्कि तथ्यात्मक चेतावनी भी है।

कांग्रेस की रणनीति पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि वह सदन के भीतर और बाहर लगातार ऐसे मुद्दे उठाना चाहती है, जिनसे सरकार को राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मोर्चे पर घेरा जा सके। लेकिन जब ऐसे प्रयास ठोस तथ्यों के बजाय अपुष्ट संदर्भों पर आधारित हों, तो वे खुद कांग्रेस की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाते हैं। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने स्वयं सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा है कि डोकलाम में चीनी टैंक भारतीय सीमा के 100 मीटर तक भीतर आ गए थे, जैसा दावा किया गया। अगर ऐसा कोई गंभीर तथ्य होता, तो वह किसी न किसी आधिकारिक माध्यम से सामने आता। सेना और सरकार के बीच संवाद कोई छिपी हुई प्रक्रिया नहीं है, खासकर जब बात सीमा सुरक्षा की हो। ऐसे में अप्रकाशित किताब के हवाले से सनसनी फैलाना न तो जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका है और न ही परिपक्व राजनीति की पहचान।


सदन की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना भी किसी के हित में नहीं है। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। इस पूरे घटनाक्रम में सरकार ने नियमों का हवाला दिया, जबकि कांग्रेस ने भावनात्मक और आरोपात्मक राजनीति को तरजीह दी। यही अंतर आज की राजनीति की दिशा तय कर रहा है।

अंततः, यह बहस किसी एक किताब या एक बयान तक सीमित नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि हम संसद को किस रूप में देखना चाहते हैं। एक गंभीर नीति-निर्माण मंच या राजनीतिक सुर्खियों का अखाड़ा। कांग्रेस और राहुल गांधी को आत्ममंथन करना होगा कि क्या बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाकर वे वास्तव में राष्ट्रीय हित की सेवा कर रहे हैं, या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ की तलाश में हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी। बिना प्रमाण के आरोप न केवल सरकार को, बल्कि पूरे देश को कमजोर करते हैं। इसलिए जरूरी है कि संसद में आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार उठाया जाए। संसद केवल खाली हंगामा करने की जगह न बनें। क्योंकि सदन का जितना समय बार्बाद होगा आमजन का भी उताना ही नुकसान होगा। विपक्ष का कर्तव्य है कि व स्वस्थ और आमजन के मुद्दों पर बहस करे। न कि सदन को अखाड़ा बनाकर छोड़ दे। संसद लोगों के लिए योजनाएं और कानून बनाने के लिए है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है



संकलित

**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित

**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाक बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रक्षा पर जोर रोजगार भाव विभोर

बजट को 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ यानी 15.2 प्रतिशत की वृद्धि करके देश की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया। मिडिल क्लास के लिए न तो आयकर में कोई नई छूट का प्रावधान रखा गया और न ही गरीब मजदूरों के हित अथवा महंगाई से राहत के लिए कोई ऐसा कदम उठाया गया, जिससे उन्हें सुकून मिल सके। देश के उत्थान में युवकों का सबसे बड़ा योगदान होता है, किंतु बेरोजगारी कम करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उन्हें बेहतर नौकरी या रोजगार मिल सके। सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के विषय में भी प्रयास करना चाहिए। कुल मिलाकर इस बार का बजट किसी भी वर्ग को बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं कर पाया है। – *संतोष अग्रवाल, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# कक्षाओं में चैटजीपीटी, अब छात्रों के सीखने का आकलन कैसे

दुनिया के हर क्षेत्र के साथ साथ उच्च शिक्षा में भी जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और छात्र तथा शिक्षक पढ़ाई, सीखने और मूल्यांकन में चैटबॉट्स को शामिल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि शिक्षा की मूल प्रकृति को प्रभावित करने वाला है। कनाडा के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 28 शिक्षकों पर आधारित एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि शिक्षा एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे समय में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है कि जब एल्गोरिदम मानव संज्ञान को सहारा दे सकते हैं या उसका अनुकरण कर सकते हैं, तब आकलन किस बात का होना चाहिए। एआई और अकादमिक ईमानदारी पर पिछले 15 वर्षों के शोध की समीक्षा से पता चला कि एआई शिक्षा के लिए दोधारी तलवार है। एक ओर, उन्नत टेक्स्ट जनरेटर और अनुवादक मानव-जैसा लेखन कर सकते हैं, जिससे नकल को पकड़ना और उसका पता लगाना ही कठिन हो गया है। साथ ही, ये उपकरण कभी-कभी गलत जानकारी देते हैं या सामाजिक पूर्वाग्रह भी दोहरा सकते हैं। दूसरी ओर, एआई सीखने को अधिक समावेशी बना सकता है, विशेषकर दिव्यांग छात्रों या अतिरिक्त भाषा सीख रहे छात्रों के लिए।




## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक

शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20-25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50-55 प्रतिशत तक पहुंच गया।



## ट्रेंड

### मोदी मेरे अच्छे दोस्त



पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, वे अपने देश में एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं। हम दोनों ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। यह बात ज्यादातर लोगों के बारे में नहीं कही जा सकती। हमारी डील से दोनों देशों का विकास होगा।
**-डोनाल्ड ट्रंप**, राष्ट्रपति अमेरिका

### राहुल देश को गुमराह कर रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं। अमेरिकी के साथ ट्रेड डील से देश को फायदा होगा। देश-विदेश में इसकी तारीफ हो रही है। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। **-पीयूष गोयल**, केंद्रीय मंत्री

### इमेज तोड़ रहे मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। **-राहुल गांधी**, नेता विपक्ष

### एसआईआर से लोग पीड़ित



पश्चिम बंगाल में कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। प्रभावित लोगों को न तो ठीक से सूचना दी जा रही है और न ही उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल रहा है। एसआईआर प्रक्रिया से लोग पीड़ित हैं। **-ममता बनर्जी**, सीएम, प. बंगाल

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# अनेक महत्व का गांव है आलोर

गांव की कहानी
घनश्याम नाग



बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर के पूर्व दिशा में आलोर नामक गांव है। आलोर गांव को बड़े डोंगर का प्रवेश द्वार कहा जाता है। आलोर के लिंगई मट्टा में लिंगई माता विराजमान है। पहाड़ी को स्थानीय गोंडी भाषा में मट्टा कहा जाता है। मट्टा के आसपास शैलचित्र, देव हाट, महिषासुर राक्षस के विशालकाय पैर के चिन्ह एवं जलहरि युक्त शिवलिंग है। महिषासुर राक्षस गुफाओं में निवास करता था तथा घने जंगलों एवं पहाड़ियों में विचरण करता था। केशकाल घाटी से लेकर ग्राम बड़े डोंगर तक पहाड़ियों की लंबी श्रृंखला है। घने जंगलों के बीच इन पहाड़ियों में अनेक गुफाएं और झरने भी हैं। यहां की भौगोलिक और प्राकृतिक परिवेश को देखकर ऐसा लगता है कि शास्त्रों में वर्णित महिषासुर का विचरण स्थल भी इन्हीं पहाड़ियों, गुफाओं एवं घने जंगलों में रहा होगा। दंत कथाओं में यही कहा जाता है कि मां दुर्गा महिषासुर राक्षस को इन्हीं दुर्गम पहाड़ियों से खदेड़ते हुए भैंसा दौंद डोंगरी तक ले गई। महिषा द्वंद्व पहाड़ी में, महिषासुर मर्दिनी एवं महिषासुर राक्षस के बीच अंतिम महिषासुर संग्राम हुआ था।

लोकवाद्य
टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

## सब ले महत्वपूर्ण बाजा आय दफड़ा



दफड़ा ल दफरा या डफरा घलव कहे जाथे। येहा वृत्ताकार यानी चन्नी के अकार के होथे। लकड़ी के गत्ता जेन ह चार पांच इंच चौड़ा अउ करीबन आधा इंच मोटा होथे। ओहि बनावट चांग कहलाथे। येमा गाय या बोकरा के सुक्खा खड़री छवाय रहिथे। ये बाजा ह बिहातरा के प्रमुख माने जाथे। बिहाव नेग के मुताबिक सब ले पहली दफड़ा बाजा के बजई शुरू होथे। तहांन फेर दूसर बाजा शुरू बाजथे। दफड़ा के चमड़ा हिस्सा में पार्टी के नाव आऊ गांव लिखाय रहीथे। एकर बजइया ल दफड़ाहा कहे जाथे। येला खांद में अरो के लकड़ी या कमचिल ले बजाय जाथे। कोनो भी पारंपरिक बाजा के आधार आय दफड़ा। आज तक ये बाजा के जगा ल दूसर बाजा ह नी ले सके हे।

बोली भाषा विशेष
कमलेश यादव

## बस्तरी बोली का ही चलन था पहले बस्तर में



प्राचीन रियासतकालीन बस्तर की खूबियों में बस्तरी बोली भी रही है। यह बोली लगभग विलुप्त हो चुकी है। इस बोली का क्षेत्र जगदलपुर तक ही सीमित था, इस बोली के बोलने वालों को बोलीदार और बस्तीदार के नाम से जाना जाता था। बस्तीदार नाम की इस बोली का दायरा सीमित ही था। इनका दायरा राजपरिवार तक ही ज्यादा होता था, क्योंकि सारा राजकाज इन्हीं पर निर्भर रहता था। राजा राजकाज की व्यवस्था संभालने के लिए अलग अलग क्षेत्रों से बुलाकर अपने अधीन रखा था। बस्तीदारों में धाकड़, पनारा, राऊत, कुडुक, धोबी, नाई, बंजारा, कायस्थ, तेली सहित राजपरिवार में किसी भी रूप से जुड़े लोग बस्तरी के अच्छे जानकार माने जाते थे। आजादी के बाद बस्तर आए गैर जनजातीय लोगों में शामिल मारवाड़ी, गुजराती, पंजाबी, मैथिल, ईसाई लोग बस्तरी के प्रयोग के बारे में कम ही जानते थे। इस बोली ने राजघराना में पर्याप्त सम्मान पाया था। बस्तर के जमींदार, कुंवर, मालगुजार, बैदार राजमहल के कर्मियों के लिए बस्तरी मातृ बोली जैसी थी। राजा रुद्रप्रताप देव के शासन काल में बस्तरी बोली को काफी महत्व मिला।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

लोक चित्र
स्वाति आनंद

# जनजातीय जीवन कला में भील लोक चित्र





जनजातीय या कहे आदिवासी समाज का आध्यात्मिक जीवन गहरे मिथकों से जुड़ा होता है। यह मिथक बाह्य दृष्टि से भले ही सरल, रहस्यमय अथवा अव्यवस्थित प्रतीत हों, परंतु उनके भीतर जीवन के गहन अर्थ और आस्थाएँ निहित होती हैं। इन्हीं मिथकों के आधार पर जनजातीय जीवन संचालित और मर्यादित होता है। मिथक उनके लिए केवल कथाएँ नहीं, बल्कि ज्ञान, नैतिकता और परंपरा के संवाहक होते हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी मौखिक परंपरा के माध्यम से हस्तांतरित होते रहते हैं। कितनी पीढ़िया से न जाने हमने अपनी कथाओं में जीवन दर्शन को सहेज कर रखा है जो हमें सिर्फ नियम के साथ प्रकृति से जुड़ना ही सिखाती है, जल जंगल जमीन यह सिर्फ आदिवासी समझ ही क्यों करता है क्या विशिष्ट समाज को इसे सहेजने की जरूरत नहीं महसूस पड़ती हमने अपनी आज फिर चेतना में जल जंगल जमीन के प्रति अपने कर्तव्य को कल के माध्यम से भी सहेजना सीखा है।

जनजातीय कला इसी मिथकीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह कला किसी प्रदर्शन या विलास की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन की सहज आवश्यकता है। चित्रकला, नृत्य, संगीत, शिल्प



अथवा लोकगीत—सभी कलारूप उनके दैनिक जीवन से गहराई से जुड़े होते हैं। जनजातीय चित्रों में पशु-पक्षी, वृक्ष-वनस्पतियाँ, सूर्य, चंद्रमा और मानव आकृतियाँ बार-बार दिखाई देती हैं, क्योंकि यही उनका संसार है, यही उनकी स्मृति और अनुभव का विस्तार है। इन कलाओं में यथार्थ का हूबहू चित्रण नहीं, बल्कि स्मृति और अनुभूति का चित्रांकन होता है। रंगों और रेखाओं का प्रयोग प्रतीकात्मक होता है—उजले, गाढ़े और चटख रंग जीवन की ऊर्जा और उल्लास को व्यक्त करते हैं। जनजातीय कलाकार किसी बड़े-बड़े चित्रकारों की तरह प्रशिक्षित नहीं होते, फिर भी उनकी कला में मौलिकता, संतुलन और लय का अद्भुत सौंदर्य दिखाई देता है।जनजातीय समाज में परंपरा और कला सबके लिए समान रूप से सुलभ होती है। यहाँ कला किसी एक वर्ग या व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती। यही कारण है कि जनजातीय संस्कृति को लोकधर्म की संज्ञा दी जा सकती है—एक ऐसा धर्म, जहाँ कला, विश्वास और जीवन एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। कला यहाँ स्वतंत्र सत्ता न होकर जीवन की अभिव्यक्ति है।

इस प्रकार जनजातीय कला और जीवन हमें यह सिखाते हैं कि सृजन का मूल उद्देश्य केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि जीवन के साथ तादात्म्य स्थापित करना है। आधुनिक सभ्यता के यांत्रिक और उपभोक्तावादी दृष्टिकोण के बीच जनजातीय कला हमें प्रकृति, परंपरा और मानवीय संवेदना से जुड़ने का मार्ग दिखाती है।

ऐतिहासिक : डा रमेंद्रनाथ मिश्र


# इतिहास म दर्ज रायपुर शहर के गौरव काल



सन 1877 ले 1879 तक के बेरा आय जऊन रायपुर बर बड़ गौरव के बात आय। 14 ले 16 बछर के उमर म नरेन्द्रनाथ दत्त के मन में जउन विचार चिंतन छत्तीसगढ़ में रहीके अइस, इहां के पहाड़, नदिया, मंदिर ल देख के सोचीन, गुनीन संग म मंदरस माछी के छत्ता ल बइला गाड़ी म आत जात रद्दा म जब पहाड़ में देखीस त उकर मन में विचार आय रीहिस , जउन उनकर चिंतन, दर्शन के रद्दा डहर आगू चल के लेगिस अइसन सियान मन गोठियइन। अपन ददा के संगवारी मन के बैठक संग संगीत के गोठबात म इहु रहीके गोठियाय, सब झन ल ताजुब लगय के अतका बड़ लइका दुनिया भर के गोठ ल कहां ले अउ कइसे जानथे। उनकर ददा ह वकील रीहिन अउ छत्तीसगढ़ मुकदमा के सिलसिला में आय रीहिन। रायपुर ह एक जमाना म बड़ सुघर शहर रीहिस। सात समुंदर पार ले जउन घूमैया फिरैया मन आवय ओमन बड़ प्रशंसा करे , जइसे ब्लंट, बेगलर, साधु चरणदास।

लोकगीत
गौकरण मानिकपुरी

## लोकप्रिय ददरिया गीतों में प्रतीक का प्रयोग




छत्तीसगढ़ी लोक गीतों विशेषकर ददरिया गीतों में प्रतीकों का प्रयोग अधिकतर होता है। ददरिया मुख्य रूप से युवक युवतियों का श्रृंगार गीत है। इसमें श्रृंगार एवं काम संबंधी अनेक चेष्टाओ की अभिव्यक्ति प्रतीकों के माध्यम से की गई है। छत्तीसगढ़ी लोक गीतों में शरीर के लिए हाऊला -घड़ा, तथा सोने के लिए पिंजरा जैसे परंपरागत प्रतीकों के अतिरिक्त नवा सड़क तथा वृक्ष आदि भी प्राप्त होते हैं। शरीर के लिए घर का प्रयोग भी अनेक गीतों में प्राप्त होता है। परंतु एक गीत में पंचतत्व से निर्मित शरीर के लिए पांच रुपइया के घर जैसी सुंदर एवं सार्थक अभिव्यक्ति भी प्राप्त होती है। यौवन के लिए पानी का प्रयोग अनेक स्थानों पर होता है। इन गीतों में प्रेम का प्रतीक फूल है तथा बाधाओं का कांटा खूंटी। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का भाव पक्ष एवं कला पक्ष दोनों समान रूप से सशक्त है। इनका भाषा सौष्ठव, अलंकार योजना, छंद चयन प्रतीकों का प्रयोग रस विधान तथा कल्पना की उड़ान किसी भी साहित्य के लिए गर्व की वास्तविक हो सकती है।

सुरता: स्वराज्य करुण

# पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने लिखा पहला छत्तीसगढ़ी नाटक

**आज से लगभग 120 वर्ष पहले उनके द्वारा लिखित नाटक 'कलिकाल' को छत्तीसगढ़ी भाषा का पहला नाटक माना जाता है, जो वर्ष 1905 में प्रकाशित हुआ था। साहित्यकार होने के साथ-साथ पाण्डेय जी उपन्यासकार, इतिहासकार और पुरातत्वविद भी थे। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय का जन्म महानदी के किनारे स्थित ग्राम बालपुर में 4 जनवरी 1887 को हुआ था। उनका निधन 8 नवम्बर 1959 को हुआ।**

छत्तीसगढ़ की महान साहित्यिक विभूतियों में पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय का नाम अमिट अक्षरों में दर्ज है। आज से लगभग 120 वर्ष पहले उनके द्वारा लिखित नाटक 'कलिकाल' को छत्तीसगढ़ी भाषा का पहला नाटक माना जाता है, जो वर्ष 1905 में प्रकाशित हुआ था। साहित्यकार होने के साथ-साथ पाण्डेय जी उपन्यासकार, इतिहासकार और पुरातत्वविद भी थे। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय का जन्म महानदी के किनारे स्थित ग्राम बालपुर में 4 जनवरी 1887 को हुआ था। उनका निधन 8 नवम्बर 1959 को हुआ। उनका गाँव बालपुर पहले बिलासपुर जिले में था, जो अब जांजगीर-चाम्पा जिले में स्थित है और रायगढ़ जिले से भी लगा हुआ है। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय, आधुनिक हिन्दी कविता में छायावाद के प्रवर्तक के रूप



में प्रसिद्ध हुए। लोचन प्रसाद जी हिन्दी, छत्तीसगढ़ी, उर्दू, संस्कृत, अंग्रेजी और ओड़िया भाषाओं के विद्वान थे। विभिन्न साहित्यिक विधाओं में उनकी लगभग 40 पुस्तकों का प्रकाशन हुआ, जिनमें तीन ओड़िया भाषा और चार अंग्रेजी भाषा की पुस्तकें भी शामिल हैं। आप इतिहास और पुरातत्व के भी गंभीर अध्येता थे। उन्होंने वर्ष 1923 में छत्तीसगढ़ गौरव प्रचारक मंडली की स्थापना की, जो आगे चलकर महाकोशल इतिहास परिषद के रूप में विकसित हुई। छत्तीसगढ़ के इतिहास और पुरातत्व को देश-दुनिया के सामने लाने के लिए उन्होंने निरंतर शोध और परिश्रम किया। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य, इतिहास और सांस्कृतिक चेतना के ऐसे स्तंभ थे, जिनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## जैकेट के शेष

### पिछली सरकार ने ....

**डॉ. हिमांशु-** दो चीजें होती हैं, एक होती है डू, एक होता है डोंट, यह हम करेंगे, यह हम हरगिज नहीं करेंगे। पिछली सरकार में ऐसा क्या था, जब आप घूम रहे थे गांव-गांव, डगर-डगर.., आपने कहा यह काम आप नहीं करेंगे, जो यह कर रहे हैं।

**अरुण साव-** हमने यह कहा था कि हम गरीबों के साथ न्याय करें। वो सरकार अन्याय कर रही थी, आवास रोक रही थी। वो सरकार किसानों को धोखा दे रही थी। वो हम नहीं करेंगे, कहे थे। हमने कहा था कि विकास जो अवरुद्ध हो गया है, वैसा हम नहीं करेंगे। हम गांव और शहरों में विकास करेंगे, वो कर के दिखाया है। मैं आपको लंबी फेहरिस्त गिना सकता हूं, जो हमने पिछली सरकार की आलोचना की। उन सारी कमियों को दूर करने का काम हमने किया है।

**डा. हिमांशु-** क्या कमी थी सरकार में, लोगों के लिए काम किया, यह दावा है कि उन्होंने कमाल का काम किया है। कुछ चक्कर चला दिए, इस चक्कर में उनकी सरकार नहीं बनी।

**अरुण साव-** छत्तीसगढ़ की जनता भोलीभाली जरूर है, पर छत्तीसगढ़ की जनता जितनी समझदार है, इतनी सहजता से, आपने एक हौवा बनाकर रखा हुआ था, धरातल में कुछ नहीं था। आपने क्या क्या सपने दिखाए, कहीं कुछ नहीं धरातल में। आज यही 18 लाख गरीबों के सपने साकार हुए हैं आवास से, परिवारों को उनका आशियाना दिया, जो पिछली सरकार ने रोका था। इससे बड़ा पाप तो कुछ हो नहीं सकता। आपने किसानों को धोखा दिया, इससे बड़ा पाप तो हो नहीं सकता। पर आपको लगता था कि हम ही हम हैं, होर्डिंग्स में, चर्चा में। छत्तीसगढ़ की जनता धरातल में काम देखती है। गांव के लोग तरस गए थे थोड़े से काम के लिए, एकाध काम मिल जाए। गांव में काम नहीं हुआ, नल की टोटी बदलने के लिए सरकार पैसा नहीं देती थी, पार्षद अपने घर से अपने जेब के पैसे से नल की टोटी बदलता था। आज सुव्यवस्थित विकास हो रहा है। पहली बार 7 निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला स्वच्छता में। आज शहरों में काम हो रहा है, शहर आगे बढ़ रहे हैं। सिटी डवलपमेंट प्लान बनाया है। उस प्लान के अनुरूप काम हो रहा है।

### अमेरिकी ट्रेड डील....

निर्यात को और प्रोत्साहन मिलेगा। सीतारमण ने कहा कि नए बाजारों तक पहुंच और इस शुल्क कटौती को मिलाकर देखा जाए तो आने वाले समय में भारत का निर्यात बढ़ेगा। उन्होंने कहा, इन दोनों को एक साथ रखकर देखें तो अब निर्यात में तेजी आएगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के बाद शेयर बाजारों में जबर्दस्त उछाल दर्ज हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक निवेशकों की संपत्ति में करीब 13 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।

**सेक्टोरल सपोर्ट उछाल का कारण बना :** वैश्विक बाज़ारों से मिले सकारात्मक संकेत सेंसेक्स में इस बड़ी उछाल के मुख्य कारणों में से एक थे। एशियाई और अमेरिकी बाज़ारों की मज़बूती घरेलू शेयर बाज़ार में साफ तौर पर दिखी। इसके अलावा, बैंकिंग शेयरों में स्थिर ब्याज दरों की उम्मीद और आईटी कंपनियों के लिए बेहतर मांग के आउटलुक ने बाज़ार को सपोर्ट दिया। मेटल और इंफ्रास्ट्रक्चर शेयरों में भी खरीदारी देखी गई, जिससे कुल मिलाकर सेंसेक्स को व्यापक सपोर्ट मिला।

**कृषि और डेयरी सहित अन्य क्षेत्रों की रक्षा की- गोयल :** गोयल ने कहा कि समझौते में कृषि और डेयरी जैसे प्रमुख संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा की गई है, और हितों से समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने कृषि और दुग्ध उत्पादन दोनों की रक्षा की है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने भारत को क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी से बचाया।

### कुत्ते को बचाने के प्रयास में ...

पूरा परिवार घर देवरी पासौद लौट रहा था। डौंडीलोहारा ब्लॉक मुख्यालय से 4 किमी दूर संबलपुर नर्सरी के पास सड़क पर एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार चला रहे व्यापारी भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार लॉक हो गई थी। ऐसे में घायल अवस्था में मां और बच्चे कार में फंसे रहे।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बोले किसान नेता राकेश टिकैत

# 'भारतीय किसानों की चिंताएं और गहरी हो गई हैं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत-अमेरिका ट्रेड डील को किसान नेता राकेश टिकैत ने भारत की 70% आबादी पर सरकार का सबसे बड़ा प्रहार बताया है। उन्होंने फेसबुक के पोस्ट में कहा कि भारत-अमेरिका के बीच एग्रीकल्चर ट्रेड डील लगभग अब हो चुकी है लेकिन इसके दूरगामी परिणामों को लेकर भारतीय किसानों की चिंताएं और गहरी हो गई हैं। राकेश टिकैत ने इसी पोस्ट में आगे कहा कि अमेरिकी कृषि को भारी सरकारी सब्सिडी मिलती है, जबकि भारत का किसान लागत, कर्ज और अनिश्चित बाजार से पहले ही जूझ रहा है। अब सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत आएंगे तो देशी फसलों के दाम गिरेंगे, एमएसपी कमजोर होगी और सबसे बड़ा नुकसान छोटे व सीमांत किसानों को होगा। इस ट्रेड डील को ग्रामीण अर्थव्यवस्था बताते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि यह डील आयात निर्भरता, कॉरपोरेट नियंत्रण और किसान की सौदेबाजी शक्ति को कमजोर करने की दिशा में कदम है। इससे किसानों की आमदनी प्रभावित होगी।

### ट्रेड डील से कृषि क्षेत्र क्यों चिंतित?

अभी तक भारत अमेरिका ट्रेड डील का पूरा विवरण सामने नहीं आया लेकिन सोमवार शाम को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में भारत द्वारा अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने की बात कही गई थी। इसी वजह से भारत में ट्रेड डील को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी बड़े स्तर पर अमेरिकी उत्पादों को खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि इसमें 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पादों की खरीद शामिल है।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: WAT-TRD-43-24-25DT300126

**कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** वाल्टियर (WAT) मंडल के तहत 03 स्टेशनों में 5 लाइनों [गारिविडि (GVI) में L/3 एवं L/4, जग्गैयापलेम (JGPM) में L/2 एवं L/3, पारलाखेमुंडी (PLH) में L/1] के लिए 720 MTS. CSLs हासिल करने हेतु मानकीकरण के साथ यार्ड सुधार के लिए TRD कार्य।

**निविदा का मूल्य:** रु. 1,71,90,049.70, EMD: रु. 2,36,000.00, कार्य के समापन की अवधि: 11 महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.02.2026 को 1500 बजे।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज के साथ सम्पूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/TRD, वाल्टियर

PR-1082/Q/25-26



**कार्यालय नगर पंचायत अंतागढ़, जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

Phone No - 07847-299007 E-mail ID- cmoantagarh@gmail.com

क्रमांक/4258/न.पं./लो.नि.वि./2025-26 अंतागढ़, दिनांक 03/02/2026

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय) //**

नगर पंचायत अंतागढ़ द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 02.02.2026 समय 10.00 (AM) बजे से आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 184732 | आत्मानंद स्कूल में रंगमंच शेड निर्माण कार्य। | 15.00 | 11250.00 | 06 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |
| 184733 | वार्ड क्र. 15 आंगनबाड़ी भवन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 10.00 | 7500.00 | 06 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |
| 184734 | वार्ड क्र. 11 में सदाराम साहू घर से तोमेश जोशी एवं घनश्याम यादव घर से तनवीर घर तक बीटी. रोड़ निर्माण कार्य। | 11.25 | 8500.00 | 04 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट के वेबसाईट विभागीय पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। ई-प्रोक्यूरमेंट बीड सबमिट करने की अंतिम तिथि 16.02.2026 को शाम 5:30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 17.02.2026 को शाम 5:30 बजे तक तथा ई-निविदा खोलने की तिथि 18.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अंतागढ़,
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)



**आम सूचना**

सर्वसाधरण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकारगण ने वाके मौजा ग्राम-मड़ेली, प.ह. नं. - 02, रा.नि.मं. - कुरूद, तहसील कुरूद, जिला- धमतरी (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि, जिसका खसरा नंबर - 314, रकबा 0.0500 हेक्टेयर, भूमि विक्रेता विनायक पिता कार्तिक निवासी- जी.जामगांव मड़ेली तहसील कुरूद, जिला धमतरी छ.ग. के नाम पर छ.ग. के शासकीय राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है एवं अग्रिम प्रतिफल राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, निगम, प्राधिकरण, बोर्ड, शासन, प्रशासन, शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य किसी भी प्रकार से उजरदावा या आपत्ति हो तो मेरे इस सूचना प्रकाशन दिनॉक से 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें बाद म्याद बीतने की गई आपत्ति शुन्य व अवैध होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। अतः मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय विलेख का निष्पादन करने हेतु स्वतंत्र होगा।

अतः सो सूचना जाने।

स्थानः रायपुर (छ.ग.)
दिनॉक : 03.02.2026

भवदीय
खिलेश्वर साहू (अधिवक्ता)
निवास / कार्यालय- बिझवारीन चौक, शीतला मंदिर के पास केनाल रोड, लालपुर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 9098535294



**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक /1314/न.पा.प./ लो.नि.वि. / ई-टेण्डर / 2025-26 कवर्धा, दिनांक 03/02/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय (रुपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | System Tender No. 184849 Construction of Aanganbadi Bhavan Ward No. 19 Kedra Kramank 01 at Kawardha (1st call) | 12.00 | 23/02/2026 |
| 2 | System Tender No. 184845 Construction of Aanganbadi Bhavan Ward No. 06 Kedra Kramank 01 at Kawardha (1st call) | 12.00 | 23/02/2026 |
| 3 | System Tender No. 184846 Construction of Aanganbadi Bhawan ward No.09 Kedra Kramank 01 at Kawardha (1st call) | 12.00 | 23/02/2026 |
| 4 | System Tender No. 184847 Construction of Aanganbadi Bhawan ward No. 10 Kedra Kramank 02 at Kawardha (1st call) | 12.00 | 23/02/2026 |
| 5 | System Tender No. 184848 Construction of Aanganbadi Bhawan ward No.11 Kedra Kramank 01 at Kawardha (1st call) | 12.00 | 23/02/2026 |
| 6 | System Tender No. 184850 Construction of Aanganbadi Bhawan ward No. 27 Kedra Kramank 01 at Kawardha (1st call) | 12.00 | 23/02/2026 |
| 7 | System Tender No. 184851 Construction of Samudayik Bhawan Near Yadav Bhawan, Kawardha (1st call) | 15.00 | 23/02/2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद कवर्धा


## पेज एक के शेष

### जनगणना में फर्श, दीवार, छत...

सामग्री से बनी है, घर से गंदे पानी की निकासी कैसे होती है। यही नहीं, ये भी बताना होगा कि घर में खाना बनाने के लिए कौन से ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार के गृह विभाग ने इस संबंध में गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) द्वारा जनगणना के दौरान जनता से पूछे जाने वाले सवालों का ब्योरा जारी किया है। इस संबंध में कहा गया है कि सभी जनगणना अधिकारियों, जिसके लिए उन्हें नियुक्त किया गया है, अपनी नियुक्ति से संबन्धित स्थानीय क्षेत्रों की सीमाओं के भीतर भारत की जनगणना 2027 के संबंध में मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना अनुसूचियों के माध्यम से जानकारी एकत्र करने के लिए इसके संबंध में सभी व्यक्तियों से इस प्रकार के प्रश्न पूछें।

### घर का मुखिया कौन घर...

में सामान्यतः रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है, परिवार के मुखिया का नाम क्या है और उसका लिंग। यानी महिला है या पुरुष। क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,अन्य से संबंधित है। मकान के स्वामित्व की स्थिति क्या है। परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या कितनी है। परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या कितनी है।

### पानी कहां से लाते हैं...

यह सवाल भी होगा कि शौचालय का प्रकार क्या है। घर से गंदे पानी की निकासी कैसे होती है। स्नानगृह( बाथरूम) की उपलब्धता के बारे में बताने के साथ यह भी बताना होगा कि रसोईघर और एलपीजी,पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता कैसी है। खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन क्या है।

### रेडियो, ट्रांजिस्टर है...

गाड़ी है। घर में कार जीप या वैन है। इसके साथ ही ये भी पूछा जाएगा कि . परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाले मुख्य अनाज कौन सा है। जनगणना अधिकारी आपका मोबाइल नंबर भी लेंगे, लेकिन इसका उपयोग केवल जनगणना संबंधी कार्यों के लिए किया जाएगा।

### ये होंगे सवाल जिनका...

जनगणना मकान के दीवार में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, जनगणना मकान के छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, मकान के उपयोग क्या होता है, मकान की हालत क्या है। परिवार क्रमांक क्या है।

### सांसद मेज पर हुए खड़े...

दल राहुल-प्रियंका के साथ मिलकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। दरअसल, मंगलवार को लोकसभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने अचानक हंगामा शुरू कर दिया और स्पीकर की कुर्सी की ओर पेपर फेंके। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही को तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दिया था।

### सरकार ने दी बड़ी राहत...

प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे। ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी के पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया गया, किंतु सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी के पश्चात आवेदन किया गया तथा सत्यापन उपरांत उनके पास धान पाया गया है। ऐसे किसान, जिन्हें 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त हुआ था, परंतु किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर पाए थे। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बारदाना एवं हमालों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। राज्य सरकार का यह निर्णय किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी उपज के सुरक्षित एवं सुचारु विक्रय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### हाईकोर्ट ने 67 उपअभियंताओं ...

प्रक्रिया की वैधता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी। याचिका में भर्ती प्रक्रिया की वैधता की समीक्षा करते हुए न्यायालय ने स्पष्ट किया कि विज्ञापन के अनुसार अभ्यर्थियों के पास कट-ऑफ तिथि तक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य था, जबकि कई नियुक्त अभ्यर्थियों ने आवश्यक डिग्री अथवा डिप्लोमा बाद में प्राप्त किया, जिससे उनकी नियुक्तियां प्रारंभ से ही अवैध हो गईं।

### विज्ञापन से अधिक पदों पर ...

किया गया कि नियुक्त अभ्यर्थियों ने लगभग 14 वर्षों की सेवा पूरी कर ली है, इसलिए उनके मामलों में सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायालय ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए कहा कि लंबी सेवा अवधि किसी अवैध नियुक्ति को वैध नहीं बना सकती और न ही सहानुभूति के आधार पर वैधानिक शर्तों से समझौता किया जा सकता है। इन तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने 67 उप अभियंताओं की नियुक्तियां निरस्त कर दीं।


**।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग।।**

Email ID-durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

**-:: मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक-1049/ लो.क.वि. / 2026-27 दुर्ग, दिनांक - 03/02/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन / सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2025 पर तथा निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम / अधिक प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09.12.2025
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 12.02.2026
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 23.02.2026 शाम 5.00 बजे
निविदा खोलने की तिथि - 24.02.2026 शाम 4.00 बजे

| कार्य का नाम/स्थल विवरण | जोन विवरण | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| वार्ड क्र. 01 से 07 एवं 56 से 58 | ग्रुप-A | 9.90 |
| वार्ड क्र. 10 से 13 एवं 23 से 26 | ग्रुप-B | 9.99 |
| वार्ड क्र. 08, 09 एवं 37 से 40 | ग्रुप-C | 9.90 |
| वार्ड क्र. 14 से 22 एवं 59, 60 | ग्रुप-D | 9.99 |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in, एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ई - निविदा सूचना**

क्र. 3012 / ई-टेण्डर/स्थापना / 2025-26 राजनांदगांव दिनांक 02/02/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा पंजीकृत ठेकेदार या प्लेसमेंट एजेंसी या सीडीएस या एन. जी. ओ. या स्थानीय सोसायटी से निम्नानुसार श्रमिक प्रदाय किये जाने निविदा प्रपत्र "ए" में आन लाईन निविदाएं आमंत्रित करती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रूपये में | निविदा आन लाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 184640 | वित्तीय वर्ष 2026-27 लोक कर्म विभाग के लिए नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के लिए कुल 44 प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य | 59.37 | 20/02/2026 |
| 2 | 184634 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के लिए कुल 13 प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटर उचचकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य | 26.21 | 20/02/2026 |
| 3 | 184630 | वित्तीय वर्ष 2026-27 नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के लिए कुल 15 प्लेसमेंट अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य | 25.15 | 20/02/2026 |
| 4 | 184626 | वित्तीय वर्ष 2026-27 विद्युत विभाग हेतु नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के लिए कुल 13 प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय | 20.01 | 20/02/2026 |
| 5 | 184584 | वित्तीय वर्ष 2026-27 मोटर प्रतिपालन हेतु नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के लिए कुल 27 भारी वाहन चालक प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य | 42.54 | 20/02/2026 |
| 6 | 184582 | वित्तीय वर्ष 2026-27 नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के जल विभाग के लिए कुल 58 प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य | 81.65 | 20/02/2026 |
| 7 | 184496 | वित्तीय वर्ष 2026-27 नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के स्वास्थ्य विभाग के लिए कुल 61 श्रमिक प्रदाय (सफाई कार्य हेतु) | 78.22 | 20/02/2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव कार्यालयीन शाखा में एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट हेतु पृथक से कोई भी सूचना प्रकाशित नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही अपलोड किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव



BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(11-03-26) **अंबिकापुर - अंबेडकर चौक;** PLI4GOL15796640, 16004937. **भिलाई - जीई रोड;** PBX2GOL15807567, 15906814, 16033432, 16054708, 16053725. (12-03-26): **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड;** PMM8GOL15809052. **भिलाई - स्मृति नगर;** PLL2GOL16051549, 16106899. (13-03-26) **बिलासपुर - अग्रसेन चौक;** PGJ8GOL15736983, 15752003, 15784890, 15783527, 15784536, 15800133, 15800741, 15937346, 16059384. **बिलासपुर - सरकंडा;** P42HGOL15848038. **दुर्ग - महाराजा चौक;** PMW4GOL15586725, 15889871. (16-03-26) **दुर्ग - स्टेशन रोड;** P08IGOL15715323, 15801290, 15895880, 15940487. **कटघोरा - BGL;** P25EGOL15583485, 15659816, 15701210, 15769036, 15782498, 15786867, 15808175, 15812929, 15850398, 16049503, 16098506. (17-03-26) **कोरबा - सीएसईबी चौक;** PEQ2GOL15593194, 15603381, 15603444, 15733520, 16047530, 16139793. **कोरबा - कोसाबाड़ी;** PLI5GOL15962560. (18-03-26) **मनेंद्रगढ़ - BGL;** PV99GOL15622919, 15712058, 15711000, 15761805, 15799940, 15806513, 15872896, 15993045, 16047961. **रायपुर - जीई रोड;** PCZ6GOL16038997. (19-03-26): **रायपुर - पचपेड़ीनाका;** PLI9GOL16077659. **रायपुर - पियांक टावर;** PEN5GOL15638466, 16035496. (20-03-26) **रायपुर - तेलीबांधा रोड;** PF45GOL15575744, 15695250, 15696661, 15776230, 15804284, 15801570. **राजनांदगांव-जीई रोड;** PEN6GOL15806059, 16030114.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**


## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# आई-पीएसी रेड मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) के कोलकाता ऑफिस पर डाली गई रेड मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब 10 फरवरी को सुनवाई होगी। यह रेड कोयला तस्करी घोटाले की जांच में 8 जनवरी को की गई थी। ईडी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ याचिका दायर की है। आरोप है कि रेड के दौरान सीएम ममता मौके पर बंगाल पुलिस के अफसरों के साथ पहुंचीं और अपने साथ सबूत लेकर चली गईं। 14 जनवरी को हुई सुनवाई में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा था कि सरकार ईडी के काम में दखल न डालें। एजेंसी को अपना काम करने दें। कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर भी रोक लगाई थी।

## शब्द पहेली - 6128



**बाएँ से दाए**
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

**शब्द पहेली- 6127 का हल**




## सूडोकू नवताल 6138

★★★★★ कठिनतम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल - 6137 का हल



## अदाणी पोर्ट के लाभ में 21 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,043 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को तीसरी तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 2,518 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किया।

# टैरिफ कटौती से दहाड़ा रुपया, तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज, 122 पैसे उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद भारतीय रुपया मंगलवार को सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा के रूप में उभरा, जिसने एक कारोबारी सत्र में 122 पैसे या 1.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते होने के बाद भारतीय रुपया ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसमें लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

### रुपया 90.30 पर खुला था

भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, जो चीन, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में कम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.30 पर खुला।

## कारोबारी सत्र में 122 पैसे की छलांग के साथ 90.27 प्रति डॉलर

### सोमवार को 44 पैसे की बढ़त दर्ज की गई

कारोबार के दौरान यह 90.05 (उच्चतम) और 90.52 (न्यूनतम) के दायरे में घूमने के बाद अंत में 90.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



### सभी को लाभ होगा: प्रधानमंत्री

मंगलवार के कारोबार सत्र के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद के मुकाबले 122 पैसे की बढ़त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा निर्णय है जिससे देश में सभी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के पक्ष में काम करती है।

### डॉलर सूचकांक में आई गिरावट

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय रुपये के लिए चीजें पूरी तरह से सुचारू नहीं हो सकती हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत कम होकर 97.57 पर कारोबार कर रहा था।

### समझौता रुपए पर दबाव कम करेगा

गोल्डमैन सैक्स ने में कहा, ''भारत के अमेरिकी निर्यात पर जवाबी शुल्क अब घटा दिए जाने के बाद, हम अनुमान लगाते हैं कि चालू खाते का घाटा कैलेंडर साल 2026 में जीडीपी का लगभग 0.25 प्रतिशत कम होकर 0.8 प्रतिशत रह जाएगा। इसके अलावा, यदि 2026 में पूंजी प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के चलते लौटता हैं, तो यह रुपये पर दबाव कम करेगा और हमारे मौजूदा 12 महीने के डॉलर-रुपया पूर्वानुमान 94 पर नीचे की ओर जोखिम पैदा कर सकता है।

# राडा ऑटो एक्सपो को मिल रहा शानदार रिस्पांस, अंतिम दो दिन शेष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के श्रीराम बिजनेस पार्क में चल रहे 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' ने अब तक 30,000 से अधिक वाहनों की बिक्री कर पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एक्सपो में ग्राहकों का जबरदस्त उत्साह और कंपनियों के आकर्षक ऑफर्स ने इसे इस साल का सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल महाकुंभ बना दिया है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जा रही रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाने के लिए अंतिम दिनों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन और उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने कहा कि यह छूट केवल 5 फरवरी तक लागू है, इसलिए वाहन खरीदने वाले लोग इसे जरूर ध्यान में रखें।

मंगलवार को एक्सपो में मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत रहे। इस अवसर पर कई इवेंट और कार्यक्रम आयोजित किए गए। मारुति सुजुकी कंपनी के अधिकारी भी स्टॉल और नेक्सा एवं विक्टोरिस जोन का दौरा करने पहुंचे।

### ग्राहकों की भारी भीड़

राडा के पदाधिकारियों ने मंगलवार शाम कई सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया और विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। एक्सपो के अंतिम दो दिन में भी ग्राहकों की भारी भीड़ और आकर्षक ऑफर्स का दौर जारी रहने की संभावना है।

### एचएसआरपी प्लेट का कोई शुल्क नहीं

राडा ऑटो एक्सपो में ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अस्थायी आरटीओ कार्यालय लगाया गया है। आरटीओ के अधिकारी और उनकी टीम मौके पर दस्तावेजों की जांच के बाद वाहनों का पंजीयन कर रही हैं। एक्सपो में बिकने वाले सभी वाहन एचएसआरपी प्लेट के साथ ही वितरित किए जा रहे हैं और इसके लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

## आरबीआई की तीन दिन की मौद्रिक समीक्षा बैठक आज से

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक बुधवार से शुरू होगी। यह बैठक उस समय हो रही है जब अर्थव्यवस्था में वृद्धि पर केंद्रित केंद्रीय बजट पेश किया गया है, महंगाई कम है और हाल ही में लंबे समय से प्रतीक्षित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से बाहरी अस्थिरता समाप्त हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई पिछले साल फरवरी से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती कर चुका है और फिलहाल न तो वृद्धि और न ही महंगाई को लेकर कोई बड़ी चिंता है, ऐसे में ब्याज दरों में स्थिरता बनाए रखी जा सकती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि ऋण को और सस्ता करने के लिए एक और दर कटौती संभव है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति का फैसला शुक्रवार को घोषित किया जाएगा।

# सीमा शुल्क में सुधार से लोगों का जीवन होगा सुगम, उद्योगों को मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने कहा है कि आम बजट में अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कैंसर के इलाज में काम आने वाली दवाओं पर सीमा शुल्क हटाने, 'बैगेज' नियमों में ढील जैसे उपायों का मकसद लोगों के जीवन को सुगम बनाना है। चतुर्वेदी ने कहा कि इसके साथ ही सीमा शुल्क दरों को युक्तिसंगत बनाकर विनिर्माण को गति देने, घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाने के लिए भी कदम उठाये गये हैं। चतुर्वेदी ने कहा, ''अप्रत्यक्ष कर पर छूट और रियायतें सोच-समझकर दी गई हैं। हमने वहां कदम उठाया है जहां इसकी आवश्यकता थी।

## ढील देने का मकसद लोगों के जीवन को सुगम बनाना



**सामान लाने शुल्क मुक्त सीमा 7,50,000 तक की गई :** चतुर्वेदी ने कहा, ''इसके अलावा हमने 'ट्रांसफर ऑफ रेजिडेंस' के तहत भारतीय मूल के लागों को तीन साल बाद वापस स्वदेश लौटने पर निर्धारित सूची के अनुसार सामान लाने के लिए शुल्क मुक्त सीमा 7,50,000 तक कर दी है।

### मोनाजाइट में छूट दी गई

चेयरमैन ने कहा, ''इसी तरह ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने लिए कदम उठाये गये हैं। इसके तहत परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में उपयोग होने वाले आयातित कलपुर्जों पर मूल सीमा शुल्क में छूट के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण में इस्तेमाल लिथियम आयन सेल में उपयोग होने वाली पूंजीगत वस्तुओं पर भी छूट दी गयी है। इसके साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए स्थायी चुंबक में उपयोग होने वाले मोनाजाइट में छूट दी गयी है।

### छाते के आयात को हतोत्साहित किया गया

चतुर्वेदी ने कहा, ''इसी प्रकार, छोटे उद्योगों को ध्यान में रखकर छातों और उसके उत्पाद आयात को हतोत्साहित करने के लिए कदम उठाया गया है। अब छाते पर 20 प्रतिशत या प्रति इकाई 60 रुपये, जो भी ज्यादा हो, शुल्क लगेगा। इसके साथ छातों में उपयोग होने वाले कच्चे माल पर भी शुल्क लगाया गया है।''

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# टेस्ला की भारत में बिक्री बढ़ाने ईएमआई की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला ने भारत में बिक्री को तेज करने के लिए मासिक किस्त योजना (ईएमआई) समेत कई पहल शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की।

टेस्ला इंडिया ने बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की तरफ जाने वाले ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल वाहनों की अदला-बदली पर तीन लाख रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहक अब टेस्ला के मॉडल वाई को 49,000 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली किस्त (ईएमआई) पर खरीद सकते हैं। इसके लिए केवल छह लाख रुपये का शुरुआती भुगतान करना होगा। टेस्ला इंडिया ने सितंबर, 2025 में इस मॉडल की आपूर्ति शुरू की थी।

## बिजनेस साइट

# पतंजलि में योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन व ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न



**हरिद्वार।** पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस, हरिद्वार में आयोजित नौ दिवसीय 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम योगदर्शन, मनोविज्ञान एवं आध्यात्मिकता पर केंद्रित रहा, जिसका उद्देश्य आंतरिक शांति, मानसिक संतुलन एवं योग के व्यापक प्रसार को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, सिक्किम सरकार के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का माध्यम है, जो समग्र स्वास्थ्य, मानसिक शांति और अनुशासित जीवनशैली को बढ़ावा देता है। योगऋषि स्वामी रामदेव ने प्राकृतिक चिकित्सा की महत्ता बताते हुए कहा कि यह शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को सक्रिय करती है, हालांकि गंभीर रोगों में चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक है।

■ सिक्किम प्रतिनिधियों ने अनुभव की आध्यात्मिक शांति

# विश्व कैंसर दिवस पर जीसीआरआई बना भरोसेमंद कैंसर उपचार केंद्र

**गांधीनगर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (जीसीआरआई), अहमदाबाद ने कैंसर उपचार, अनुसंधान और रोकथाम के क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय पहचान को और मजबूत किया है।

जीसीआरआई आज न केवल गुजरात बल्कि देश के विभिन्न राज्यों के मरीजों के लिए एक विश्वसनीय रेफरल केंद्र बनकर उभरा है। वर्ष 2025 में जीसीआरआई में 26,810 से अधिक नए कैंसर मरीज पंजीकृत हुए, जिनमें 9,140 से अधिक मरीज गुजरात के बाहर से थे। संस्थान में 50 रोबोटिक कैंसर सर्जरी और हाईपेक जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीईटी-सीटी स्कैन की संख्या 2021 के 1,813 से बढ़कर 2025 में 6,333 हो गई है। इसी वर्ष 2.59 लाख से अधिक ओपीडी विज़िट, 17,800 सर्जरी और 50,130 कीमोथेरेपी प्रक्रियाएं की गईं। रोकथाम के तहत 110 स्क्रीनिंग शिविर आयोजित हुए। विश्व कैंसर दिवस 2026 पर जीसीआरआई 500 कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित करेगा, जो आशा और साहस का संदेश देगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% OFF
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

VASCULAR वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# अजेय टीम इंडिया की अफगानिस्तान से टक्कर, फाइनल पर टिकीं निगाहें

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनलः आज दोपहर 1 बजे से भारत और अफगानिस्तान में भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ हरारे

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है, जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

### भारत का अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।




### टीमें इस प्रकार

- भारत अंडर-19: आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।
- अफगानिस्तान अंडर-19: महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।

### अच्छी फॉर्म में वैभव

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है।

## खबर संक्षेप




### अपने पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार इटली

बेंगलुरु। वेन मैडसन की अगुवाई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है और यह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक सहायक कोच केविन ओब्रायन थे, जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं। इटली ने ओब्रायन के अलावा कनाडा के पूर्व बल्लेबाज जॉन डेविसन को मुख्य कोच के रूप में अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। इटली क्रिकेट महासंघ की अध्यक्ष लोरिया हाज पाज ने कहा, 'हमारे सहयोगी स्टाफ के पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और वे जानते हैं कि विश्व कप में खेलने के लिए क्या जरूरी होता है। यह हमारे लिए वास्तव में बेहद महत्वपूर्ण है।

### हमारा ध्यान विश्व कप जीतने पर : मार्श




लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को पाकिस्तान के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इन दोनों मसलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका पूरा ध्यान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने पर है। मार्श से जब 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का पाकिस्तान द्वारा बहिष्कार करने के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इस समय मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना जा रहे हैं। बाकी चीजें अपने आप सुलझ जाएंगी।' ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के शुरुआती चरण के दौरान श्रीलंका में रहेगा। वह इस दौरान श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान का सामना करेगा।

## विदेशी टीमों में भारतीय मूल के 3 दर्जन से अधिक क्रिकेटर

# जसप्रीत से लेकर दिलप्रीत तक, टी20 विश्वकप में विदेशी टीमों के लिए खेलेंगे भारतीय मूल के प्लेयर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टी20 विश्व कप में कई टीमों में भारतीय मूल के क्रिकेटरों की भरमार है, जो 7 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में अपनी 'घरेलू धरती' पर प्रभाव छोड़ने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। विदेशी टीमों में भारतीय मूल के तीन दर्जन से भी अधिक क्रिकेटर हैं, जिनमें कनाडा और अमेरिका सबसे आगे हैं। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर जैसे खिलाड़ी के लिए वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेलना एक यादगार पल होगा। जिस देश में उन्होंने जन्म लिया वह उसकी तरफ से तो नहीं खेल पाए लेकिन अपने बचपन की इस धरती पर वापसी के लिए भावुक हैं। फगवाड़ा में जन्मे इटली के तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह भी उस देश में शीर्ष स्तर की क्रिकेट खेलने के लिए बेताब हैं, जिसे उन्होंने किशोरावस्था में ही छोड़ दिया था। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त का जन्म भारत में नहीं हुआ, लेकिन वह भी अपने मूल देश में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

### कनाडा टीम में भारतीय मूल के सबसे अधिक खिलाड़ी

आईसीसी की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 20 टीमों में कनाडा (11) की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। उसके बाद अमेरिका (09), ओमान (07) और यूएई (07) का नंबर आता है। मेजबान भारत अपनी घरेलू धरती पर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगा लेकिन कई अन्य टीमों में भी 'भारतीय दबदबा' देखने को मिलेगा।







### कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा

गुरदासपुर में जन्में बाजवा 2020 में ही कनाडा गए थे और छह साल बाद वह कनाडा की टीम के कप्तान के रूप में भारत आए हैं। पंजाब में आयु वर्ग की क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के बावजूद बाजवा को वह अवसर नहीं मिले जिनकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने हालांकि निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और कम प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी क्रिकेट यात्रा जारी रखी। कनाडा ग्लोबल टी20 लीग में मिली सफलता से उन्होंने कनाडा की टीम में जगह बनाई और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### नीदरलैंड टीम में आर्यन दत्त

आर्यन दत्त को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने का अनुभव है। नीदरलैंड की टीम में भारतीय मूल के एकमात्र क्रिकेटर 22 वर्षीय आर्यन दत्त का लक्ष्य प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके शीर्ष टीमों को हैरान करना है। दत्त का परिवार 1980 के दशक में पंजाब से नीदरलैंड चला गया था। भारत में अब भी उनके परिवार के कुछ सदस्य रहते हैं।

### भारतीय मूल के क्रिकेटर जो छोड़ सकते हैं प्रभाव


अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर भारत के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके अमेरिका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर विश्व कप के पहले मैच में भारत का सामना करने के लिए मुंबई पहुंच चुके हैं। उन्होंने पिछले विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछली बार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिससे अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान जैसी टीमों को हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया था। नेत्रवलकर भारत की अधिक चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेलने के लिए बेताब हैं।

### अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल

मोनांक पटेलः भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका की कप्तानी आनंद में जन्मे मोनांक पटेल करेंगे, जिन्होंने पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच विजेता अर्धशतक लगाकर अपनी छाप छोड़ी थी। यह 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गुजरात अंडर-19 टीम के अपने पूर्व साथी जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए उत्सुक है। वह मैदान के बाहर अपने बचपन के दिनों को याद कर रहे हैं। बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक बन गए हैं और मोनांक को किशोरावस्था में ही इसका पता चल गया था।

## डब्ल्यूटीए रैंकिंग

### शीर्ष पर सबालेंका, तीसरे स्थान पर पहुंचे जोकोविच



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को हराया, लगातार चौथी बार फाइनल में

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 के एलिमिनेटर मैच में मंगलवार को गुजरात जायंट्स को 7 विकेट से शिकस्त देकर लगातार चौथी बार फाइनल का टिकट कटाया। तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के सामने गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चुनौती होगी। गुजरात जायंट्स को सात विकेट पर 168 रन पर रोकने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 15.4 ओवर में तीन विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए लिजेल ली ने 24 गेंद में 43, शेफाली वर्मा ने 21 गेंद में 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 गेंद में 41 रन और लौरा वोल्वर्डट ने 24 गेंद में नाबाद 32 का योगदान दिया।




### बेथ मूनी ने खेली 62 रन की नाबाद पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स की टीम को इस मैच में अच्छी शुरुआत नहीं मिली। 9 के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा। इसके बाद 38 के स्कोर पर टीम को डबल झटका लगा, जब छठे ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट गिरे। एक तरफ जहां गुजरात की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती चली जा रही थी। वहीं दूसरी तरफ बेथ मूनी ने मोर्चा संभाले हुआ था। वह ओपनिंग करने के लिए आई थी और अंत तक नाबाद रही। उन्होंने 51 बॉल पर नाबाद 62 रन की पारी खेली। उनके अलावा जॉर्जिया वेयरहम ने 25 बॉल पर 35 रन बनाए। वहीं अनुष्का शर्मा ने 16 और काशवी गौतम ने 18 रनों का योगदान दिया।

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे गुकेश, स्टार खिलाड़ी करेंगे शिरकत

एजेंसी ▶▶ ओस्लो

मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से 5 जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, 'मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।'



## भारतीय निशानेबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि

# भारत में होगी एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

### दिल्ली में होगा प्रतियोगिता का आयोजन



एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने पत्र में कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।' पत्र में कहा गया है, ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।'' देव को उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय निशानेबाज ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।

### तिथियों की घोषणा जल्द

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा, 'यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है। इससे निशानेबाजी में भारत के बढ़ते प्रभाव और आईएसएसएफ का हम पर भरोसे का पता चलता है।' सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत इन दोनों प्रतियोगिताओं का पूरा फायदा उठाकर अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल करेगा।

ई-नीलामी सूचना

ऋणवसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास,
साउथ सिविल लाइन, जबलपुर- (मप्र) 482001
Case No.: RC 453/2017/ओ.ए.नं. 344/2017
ई-नीलामी क्रमांक 12/2026

• UCO BANK वि. M/S S.K. ASSOCIATES एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाणपत्र क्रमांक RC No.RC 453/2017/ O.A.No. 344/2017 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs.30,17,120.00 (Rupees Thirty Lakh Seventeen Thousand One Hundred Twenty only) तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 10.04.2017 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समय :- 11.03.2026 दोपहर : 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Residential land at Khasra No.-347/1 (Part) (New 347/12), P.H. No.-2, situated at Ward No.- 15 (as per valuation 19), Panchsheel Nagar (West), Charoda, Tehsil- Patan, District- Durg (C.G.), area 2400 sq.ft.; property in the name of Shri kalyan Ratnakar Ayyagari S/o Shri Bheema Rao Ayyagari.
प्रारक्षित मूल्य :-Rs. Rs. 22,70,000.00 (Rupees Twenty Two Lakh Seventy Thousand only)

विक्रय की शर्तें :

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website : https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id: -mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट https://www.bankeauctions.com में उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये Rs.2,27,000.00 (Rupees Two Lakh Twenty Seven Thousand only) है, RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. 50100111327201 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with HDFC Bank, Civil Lines Branch, Jabalpur. (IFSC Code: HDFC0002745 में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 09.03.2026 अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. Rs.25,000.00 (Rupees Twenty Five Thousand only) होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा।
8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफलत बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अंदर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति ''जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 25.02.2026 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Mr.Amit Kumar Sahu, Chief Manager, Mob. No. 9348907154 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण करले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com.
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Mr.Amit Kumar Sahu, Chief Manager, Mob. No. 9348907154 से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रकिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली लगाने हेतु सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थान : जबलपुर
दिनांक- 27.01.2026


(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी 1




## 10 महीने के बच्चे को चुभाई 600 सुइयां, चीन की मां का खौफनाक

**बीजिंग।** चीन में एक 10 महीने के बच्चे के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। उस नन्ही जान के शरीर पर लगभग 600 सुई चुभोए गए हैं। और हैरान करने वाली बात ये है कि ये दरिंदगी किसी और ने नहीं बल्कि उसकी अपनी ही मां ने की है। हॉन्गकॉन्ग स्थित वेबसाइट साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) के मुताबिक, यह मामला दक्षिण-पश्चिमी चीन का है जहां सुइयां चुभोए जाने के बाद खराब हालत में दूधमुंहे बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बच्चे के शरीर पर सुई चुभोने के सैकड़ों निशान पाए गए। आरोप है कि बच्चे की मां ने ही उसे बार-बार सुई से गोदा। बच्चे के इलाज से जुड़ा एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसे 'स्पाइन सर्जन डॉ. सुई वेनयुआन' नाम के एक यूजर ने पोस्ट किया। सुई वेनयुआन शंघाई जियाओ तोंग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन से संबद्ध शिन्हुआ अस्पताल के स्पाइन सेंटर में वरिष्ठ डॉक्टर हैं। वीडियो में डॉक्टर सुई ने बताया कि यह भयावह मामला उनके सामने एक बाल रोग परामर्श के दौरान आया।




## 350 किलो की महिला ने घटाया था 199 किलो वजन

**नई दिल्ली।** लोगों का वजन जब 90-100 किलो हो जाए तभी उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। कहा जाता है मोटापा अपने आप में एक बहुत बड़ी बीमारी है, जो शरीर को अन्य बीमारियों का घर भी बनाती है। लेकिन सोचिए अगर किसी का वजन 350 किलो हो तो उसके लिए कुछ भी करना कितना मुश्किल रहता होगा? पढ़कर भी डर लगता है ना....लेकिन ऐसी एक महिला जिन्होंने अपना 350 किलो वजन कम करने की बहुत कोशिश की और लगभग अपना 199 किलो वजन कम कर भी लिया, लेकिन फिर भी जिंदगी की जंग हार गईं. ये महिला थीं चैरिटी पियर्स. कभी करीब 350 किलो वजन के साथ बिस्तर से उठना तक उनके लिए मुश्किल था, लेकिन हालात के आगे झुकने के बजाय जिंदगी की जिद ने उन्हें लड़ना सिखाया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com